RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 151 • 22:09:2024 • रविवार • मूल्य : 5/-

## 32 दलों ने वन नेशन-वन इलेक्शन का किया समर्थन

### 15 खड़े हुए विरोध में

एजेंसी। नई दिल्ली

वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव को केंद्र ने मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव के तहत, भारत में सभी चुनावों को एक ही समय पर कराने की योजना बनाई गई है। अब इस प्रस्ताव को संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक के रूप में पेश किया जाएगा। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी समिति ने इस प्रस्ताव पर सिफारिश की थी। समिति ने 62 राजनीतिक दलों से सलाह-मशविरा किया, जिनमें से 32 दलों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि 15 दलों ने इसका विरोध किया। समिति ने 18,626 पन्नों की रिपोर्ट तैयार की, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दी गई। वन नेशन-वन इलेक्शन के लागू होने के लिए संविधान संशोधन और कानून में बदलाव करना होगा। इसके लिए राज्यों की सहमति भी जरूरी है। केंद्र सरकार को इस प्रक्रिया में राज्यसभा और लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत प्राप्त करना होगा। लोकसभा में 543 में से



362 सांसदों का समर्थन आवश्यक होगा, जबकि राज्यसभा में 245 में से 164 सांसदों की जरूरत होगी। वर्तमान में, भाजपा और एनडीए के सहयोगी दल इस प्रस्ताव के समर्थन में हैं। इनमें आजसू, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास पासवान), जनता दल (यूनाइटेड), नेशनल पीपुल्स पार्टी, शिवसेना, और कई अन्य दल शामिल हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), माकपा, बसपा, और अन्य विपक्षी दल इस प्रस्ताव का विरोध कर रहे हैं। विपक्ष का कहना है कि यह प्रस्ताव लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर सकता है और चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी ला सकता है। सरकार के लिए इस प्रस्ताव को दोनों सदनों से पास कराना एक बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। विपक्ष को मनाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, और संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये मंत्री विपक्षी दलों से चर्चा कर सर्वसम्मति बनाने का प्रयास करेंगे। वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव के समर्थन में जिन दलों ने सहमति जताई है, उनमें बीजेडी, एआईएडीएमके, अकाली दल, मिजो नेशनल फ्रंट, और अन्य शामिल हैं। वहीं, सरकार को विपक्ष की चिंताओं और विरोध को भी ध्यान में रखते हुए कदम उठाने होंगे। इस प्रस्ताव को लेकर सरकार का कहना है कि इससे चुनावी खर्चों में कमी आएगी और प्रशासनिक कामकाज में भी सुधार होगा।

## आतिशी ने ली दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ



एजेंसी। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राजनिवास में आयोजित एक समारोह में आतिशी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। दक्षिणी दिल्ली की कालका विधानसभा सीट से पहली बार विधायक बनीं आतिशी। दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री हैं। इससे पहले भाजपा से सुषमा स्वराज और कांग्रेस से शीला दीक्षित दिल्ली की कमान संभाल चुकी हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के संग पांच विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें एडवोकेट कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, मुकेश अहलावत, और इमरान हुसैन शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह से पहले आतिशी ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में कथित घोटाले के आरोपों के बाद जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद इस्तीफा दे दिया था। शपथ ग्रहण के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने आतिशी को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। उन्होंने दिल्ली सरकार के शेष कार्यकाल के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को पूरा सहयोग देने का भी आश्वासन दिया।

## यह चुनाव जम्मू-कश्मीर में तीन परिवारों का शासन खत्म करने वाला चुनाव

### यहां के आका पहले पाकिस्तान से डरते थे, अब वह मोदी से डरता है : शाह

एजेंसी। श्रीनगर




जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान को लेकर चुनाव प्रचार जोरों पर है। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुंछ ज़िले के मेंढर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस तथा पीडीपी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये चुनाव, जम्मू-कश्मीर में तीन परिवारों का शासन खत्म करने वाला चुनाव है। अमित शाह ने कहा कि 90 के दशक में जम्मू कश्मीर में कितनी गोलीबारी होती थी, याद है न आपको...अब गोलीबारी होती है क्या? पहले यहां गोलीबारी इसलिए होती थी, क्योंकि यहां के आका पाकिस्तान से डरते थे, अब पाकिस्तान पीएम नरेन्द्र मोदी से डरता है। इनकी हिम्मत नहीं है गोलीबारी करने की और अगर इन्होंने गोलीबारी की तो गोली का जवाब गोले से देंगे। शाह ने कहा कि अब्दुल्ला परिवार, मुफ्ती परिवार और नेहरू-गांधी परिवार, इन तीनों परिवारों ने यहां जम्हूरियत को रोक कर रखा था। उन्होंने कहा कि अगर 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार न आती तो पंचायत, ब्लॉक, जिले के चुनाव नहीं होते। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला, मुफ्ती और नेहरू-गांधी परिवार ने 90 के दशक से अब तक दशहतगर्दी फैलाई। आज नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से दशहतगर्दी को खत्म कर दिया है। यहां के युवाओं के हाथ में पत्थर की जगह लैपटॉप दिया है। सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए शाह ने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद ओबीसी, पिछड़ों, गुर्जर बकरवाल और पहाड़ियों को आरक्षण मिला है। जब मैंने बिल पेश किया, तो फारूक अब्दुल्ला की पार्टी ने विरोध किया और यहां गुर्जर भाइयों को भड़काया जब मैं राजौरी आया था, तब मैंने वादा किया था कि हम गुर्जर भाइयों के आरक्षण को कम नहीं करेंगे और पहाड़ियों को भी आरक्षण देंगे। हमने आपना वादा पूरा किया। कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस ने कहा है कि हम आरक्षण खत्म करेंगे, जबकि हम कह रहे हैं कि हम प्रमोशन में भी गुर्जर बकरवाल और पहाड़ियों को आरक्षण देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### चार धाम यात्रा ने फिर पकड़ी रफ्तार, अब तक 35 लाख से ज्यादा श्रद्धालु कर चुके हैं दर्शन



**देहरादून**। इस साल 10 मई को शुरू हुई चार धाम यात्रा को राज्य में आई आपदा के कारण कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा था, लेकिन अब यात्रा ने दोबारा गति पकड़ ली है। जैसे-जैसे मौसम साफ हो रहा है, चार धाम में श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, 21 सितंबर तक 35 लाख से अधिक श्रद्धालु चार धाम यात्रा कर चुके हैं। इस साल अब तक बद्रीनाथ धाम में 9,89,282 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं, जबकि केदारनाथ धाम में 11,45,897 श्रद्धालु पहुंचे हैं। गंगोत्री धाम में 6,07,592 श्रद्धालु और यमुनोत्री धाम में 5,83,455 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। इसके अलावा, हेमकुंड साहिब में भी 1,66,503 श्रद्धालु पहुंचे हैं। चारधाम यात्रा के लिए अब तक 60 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। पिछले साल, 72 लाख तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था, जबकि साल 2023 में कुल 56 लाख श्रद्धालुओं ने चार धाम के दर्शन किए थे। आपदा के बाद यात्रा में कमी आई थी, लेकिन अगस्त से श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इस साल यात्रा के लिए अब तक 60 लाख तीर्थयात्रियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जबकि पिछले साल 72 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

### देश का बागवानी उत्पादन 0.65 प्रतिशत घटकर 353.19 मिलियन टन रहने का अनुमान, कृषि मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

**नई दिल्ली**। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को विभिन्न बागवानी फसलों के क्षेत्रफल और उत्पादन का 2023-24 का तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया है। कृषि मंत्रालय द्वारा आज जारी सरकार के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार वर्ष 2023-24 में देश का बागवानी उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में 0.65 प्रतिशत घटकर 353.19 मिलियन टन रहने का अनुमान है। वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में फलों का उत्पादन 2.29 प्रतिशत बढ़कर 112.73 मिलियन टन होने की उम्मीद है। फल उत्पादन में इस वृद्धि के लिए आम, केला, नींबू, अंगूर और कस्टर्ड सेब के अधिक उत्पादन का योगदान महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। हालांकि, कृषि मंत्रालय ने कहा कि सेब, खट्टे फल, अमरूद, लीची, अनार और अनानास का उत्पादन 2022-23 की तुलना में घटने की संभावना है। कृषि मंत्रालय द्वारा आज जारी सरकार के तीसरे अग्रिम अनुमान में कहा गया है कि सब्जियों का उत्पादन 205.80 मिलियन टन रहने का अनुमान है। टमाटर, पत्तागोभी, फूलगोभी, टैपिओका, लौकी, कद्दू, गाजर, ककड़ी, करेला, परवल और भिंडी के उत्पादन में वृद्धि की उम्मीद है, जबकि आलू, प्याज, बैंगन, जिमीकंद, शिमला मिर्च तथा अन्य सब्जियों के उत्पादन में कमी होने का अनुमान है। माना जा रहा है कि टमाटर, गोभी, फूलगोभी और कई अन्य सब्जियों में वृद्धि से आलू और प्याज जैसे प्रमुख खाद्य पदार्थों में कमी की भरपाई हो जाएगी।

## युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिहाज से नौसेना कमांडरों ने तैयार की भविष्य की रूपरेखा

- हिंद महासागर क्षेत्र में खुद को मजबूत करने के लिए नौसेना ने किया मंथन
- अंतरराष्ट्रीय विकास की पृष्ठभूमि में क्षेत्र की भू-रणनीतिक स्थिति पर चर्चा

एजेंसी। नई दिल्ली

राजधानी में चार दिन चले कमांडरों के सम्मेलन में नौसेना की युद्धक क्षमता बढ़ाने तथा अन्य सेवाओं के साथ संचालन में तालमेल बिठाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय विकास की पृष्ठभूमि में क्षेत्र की भू-रणनीतिक स्थिति की गतिशीलता पर विचार किया। इसके अलावा हिंद महासागर क्षेत्र में खुद को मजबूत करने के लिए नौसेना ने भविष्य की रूपरेखा तैयार करने पर भी मंथन किया। नई दिल्ली के नौसेना भवन में 17 से 20 सितंबर तक हुए कमांडरों के सम्मेलन की शुरुआत नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी के उद्घाटन भाषण से हुई। उन्होंने सम्मेलन को भारतीय नौसेना का सबसे महत्वपूर्ण शीर्ष स्तरीय मंच बताया, जहां नौसेना को युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार बल बनाए रखने के लिए विचार-विमर्श और समाधान खोजने पर चर्चा हुई। नौसेना प्रमुख ने समकालीन भू-रणनीतिक वातावरण में विघटनकारी प्रौद्योगिकियों और समुद्री क्षेत्र में विकसित हो रही रणनीतियों पर प्रकाश डाला। नौसेना प्रमुख ने आयुध वितरण पर फोकस करके सभी नौसेना प्लेटफार्मों, उपकरणों, हथियारों और सेंसर की युद्ध तत्परता सुनिश्चित करने की आवश्यकता को दोहराया। नौसेना प्रमुख ने तटरक्षक और अन्य समुद्री एजेंसियों के साथ घनिष्ठ संपर्क, तालमेल और कार्यात्मक संबंधों के माध्यम से समुद्री सुरक्षा और तटीय रक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सतर्कता बनाए रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने नौसेना के कमांडों और कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे 'किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी तरह' सहज नेटवर्क वाले बल के रूप में विकसित होते रहें, जो हमारे राष्ट्रीय समुद्री हितों का जवाब देने, उनकी रक्षा करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए तैयार हों। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 19 सितंबर को नौसेना कमांडरों को संबोधित किया और उनसे बातचीत की। रक्षा मंत्री ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा बनाए रखने और अदन की खाड़ी में समुद्री डकैतियां रोकने में भारतीय नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा। उन्होंने नौसेना कमांडरों के साथ कई परिचालन और रणनीतिक मुद्दों पर



अपने विचार साझा किए और उन्हें उभरती समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए उच्च परिचालन तैयारी और तत्परता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अन्य सेवाओं के साथ संयुक्तता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। रक्षा मंत्री ने इस कार्यक्रम के तहत आयोजित एक टेक डेमो में भी भाग लिया। भारतीय नौसेना के प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संगठन वेपंस एंड इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम्स इंजीनियरिंग इस्टैब्लिशमेंट सहित विभिन्न एजेंसियों ने स्वायत्त प्रणालियों, डोमेन जागरुकता, सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो और अन्य विशिष्ट तकनीकी पहलों सहित स्वदेशी समाधानों का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और अन्य वरिष्ठ नागरिक और सैन्य अधिकारी मौजूद थे। सम्मेलन के दौरान सीडीएस, सीओएएस और सीएएस ने नौसेना कमांडरों के साथ बातचीत की और परिचालन वातावरण के बारे में अपने आकलन साझा किए तथा राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए तत्परता के स्तर को रेखांकित किया। उन्होंने मौजूदा परिचालन वातावरण के संदर्भ में तीनों सेनाओं पर भी प्रकाश डाला, ताकि सशस्त्र बलों को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों और अनिवार्यताओं का सामूहिक रूप से सामना करने के लिए और अधिक एकीकृत किया जा सके। सम्मेलन में प्रमुख परिचालन, सामग्री, बुनियादी ढांचे, रसद और मानव संसाधन संबंधी पहलों की समीक्षा और समकालीन और उभरती समुद्री सुरक्षा चुनौतियों और शमन रणनीतियों पर भी चर्चा हुई।

## सिख समितियों ने गृह राज्य मंत्री से की मुलाकात, राहुल गांधी के बयान के खिलाफ दर्ज कराया विरोध

एजेंसी। नई दिल्ली

सिख समितियों और संस्थाओं ने शनिवार को गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से मुलाक़ात की और राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में दिए गए सिख विरोधी बयानों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद थे। सिरसा ने कहा कि देश भर की सभी प्रदेशों की कई गुरुद्वारा प्रबंधक समितियों ने गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को इस मामले की जानकारी दी। भारत की रक्षा में सिखों के बलिदान और बहाए गए खून ने देश को मजबूत बनाया है। किसी को भी सिख समुदाय के खिलाफ नकारात्मक विचार नहीं रखने चाहिए और जो



ऐसा करते हैं, उन्हें अपने कार्यों पर विचार करना चाहिए। सिरसा ने कहा कि राहुल गांधी को अपने उस बयान को वापस लेना चाहिए, जिसे गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने भी उठाया है। ऐसे बयान सिख समुदाय को ठेस पहुंचाते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सिरसा ने कहा कि राहुल गांधी के बयानों से देश के सिखों में रोष है, सिखों के खिलाफ नफरत वाले इन बयानों से देश में भय का माहौल बन रहा है। 1980-82 में भी इसी तरह के बयान दिए गए थे। एशियाई खेलों से पहले कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा था कि अगर सिख खेलों में भाग लेंगे तो उनकी पगड़ी उतार दी जाएगी। राहुल गांधी द्वारा दिए गए ऐसे बयानों ने विदेश में रह रहे सिख समुदाय के बीच ऐसा भय पैदा हो रहा है कि भारत में सिखों के साथ बुरा व्यवहार किया जा रहा है और उनके रीति-रिवाजों पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है।

### बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास को झारखंड के विकास के लिए पूरा समय नहीं मिला : राजनाथ

**चतरा**। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं। इसमें कोई दो मत नहीं कि झारखंड में अब तक के मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास को राज्य के विकास के लिए जितना समय मिलना चाहिए था उतना नहीं मिला। वे दावे के साथ कह सकते हैं कि इन तीनों नेताओं के राजनीतिक दामन पर एक भी भ्रष्टाचार के दाग नहीं लगे।

### पैलेस ऑन व्हील्स फिर दौड़ने को तैयार, सोने-चांदी से तैयार किए सुइट

**जयपुर**। राजस्थान की शाही ट्रेन पैलेस ऑन व्हील्स 25 सितंबर से फिर पटरियों पर दौड़ने को तैयार है। इस ट्रेन में कई बदलाव किए गए हैं। सबसे बड़ा बदलाव महाराजा रेस्टोरेंट में किया गया है। इसे शीश महल की तरह तैयार बनाया गया है। इसे उन्हीं कारीगरों ने तैयार किया, जिनके पूर्वजों ने आमेर का शीश महल बनाया था। वहीं, शीशमहल, गोल्डन थीम, दीवारों में चांदी और पीतल का काम। इसके आगे फाइव स्टार होटल फैल है। ट्रेन में महारानी रेस्टोरेंट को गोल्डन थीम पर सजाया गया है। जिम को बदलकर प्रेसिडेंशियल सुइट बनाया है। इसका 7 दिन का किराया 39 लाख रुपए है। हर डिब्बे में स्मोक डिटेक्टर लगाए गए हैं। राजस्थान पर्यटन विकास निगम की ओर से ट्रेन की पहली ट्रिप दिल्ली के सफदरगंज स्टेशन से शुरू होगी।

## जो राजनेता काम के आधार पर चुनाव नहीं जीत सकते, वे जाति की बात करते हैं : गडकरी

एजेंसी। पुणे

देश में जाति को लेकर हो रही राजनीति के बीच केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बड़ा बयान दिया है। गडकरी ने पुणे में एक कार्यक्रम में कहा कि मैं पिछले कई सालों से राजनीति कर रहा हूं और समाज सेवा भी करता हूं। मैं राजनीति में अपने विश्वासों से कभी समझौता नहीं करता। इससे पहले गडकरी ने राजनीति में जाति के इस्तेमाल पर नाराजगी जताई थी और कहा था कि जो राजनेता अपने काम के आधार पर चुनाव नहीं जीत सकते, वे इस बारे में बात करते हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कई जाति और धर्म के लोग मुझसे मिलने आए थे। मैंने खुले तौर पर कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी जाति या धर्म से महान नहीं होता



है। व्यक्ति अपने गुणों से महान होता है। गडकरी ने आगे कहा कि हमारे संतों ने हमें सिखाया है कि समाज से जाति, धर्म, ऊंच-नीच के सभी भेदभाव को खत्म करना होगा और सामाजिक और आर्थिक समानता लानी होगी। इसलिए मैं किसी के दबाव में नहीं आता हूं। उन्होंने साफ कहा कि सभी का कल्याण होना चाहिए लेकिन चुनाव के दौरान जाति की बात तो बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से हर किसी में खुद को पिछड़ा साबित करने की होड़ लगी हुई है। आज हमारी समस्या जाति और समुदाय की नहीं है-गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी है। सुशासन और सही नीतियों के आधार पर हम गरीबों, किसानों, गांवों में रहने वालों, हाशिये पर पड़े लोगों की सेवा कैसे कर सकते हैं, इसी पर हम काम कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या विपक्ष की जाति जनगणना की मांग में दम है, गडकरी ने इस सवाल का जवाब देने से साफ इनकार कर दिया कहा कि क्या ऐसी कवायद की जानी चाहिए या नहीं। गौरतलब है कि वरिष्ठ बीजेपी नेता नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में यह भी दोहराया कि वह जाति-आधारित राजनीति में विश्वास नहीं करते हैं और न ही इसमें शामिल होते हैं। वह हमेशा लोगों के लिए काम करते रहे हैं और करेंगे, भले ही लोगों ने उन्हें वोट दिया हो या नहीं।

## ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय जासूस मामले में अमेरिका और कनाडा से अलग रुख अपनाया

एजेंसी। वाशिंगटन

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने भारतीय जासूस के कथित मामले पर अमेरिका और कनाडा से अलग रुख अपनाते हुए कहा कि इस तरह के मामलों को निजी तौर पर और राजनयिक तरीके से उठाया जाता है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में इस सप्ताह के अंत में क्वाड शिखर सम्मेलन होने वाला है, जिसमें भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अल्बानीज भी भाग लेंगे। अमेरिका की यात्रा के दौरान ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री से भारतीय जासूस से जुड़े आरोपों पर सवाल किया गया था। जवाब में अल्बानीज ने स्पष्ट किया कि वे इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से चर्चा

- पीएम एंथनी ने भारत के साथ संबंधों को मजबूत बताया



करने के बजाय इसे निजी और कूटनीतिक स्तर पर उठाना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, मैं राजनयिक तरीके से काम करता हूं और चर्चाएं निजी तौर पर करता हूं। निस्संदेह, यह मामला उठाया जाएगा, लेकिन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंध बेहद मजबूत हैं। ऑस्ट्रेलिया का यह रुख अमेरिका और कनाडा से भिन्न है। खासतौर पर तब जबकि अमेरिका और कनाडा द्वारा भारत पर अपने ही नागरिकों को निशाना बनाने और चुनावों में हस्तक्षेप जैसे आरोप लगाए गए हैं। कनाडा में तो इस मुद्दे पर न्यायिक जांच भी हो रही है और संसद में बहस छिड़ी हुई है। कनाडा की सुरक्षा एजेंसी ने भारत पर चुनावों में हस्तक्षेप का आरोप लगाया था। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ने इस मामले में अपने फाइव आइज गठबंधन के सदस्यों (अमेरिका, यूके, कनाडा और न्यूजीलैंड) से एक अलग रुख अपनाया है। बताते चलें कि फाइव आइज एक खुफिया साझेदारी है, जिसके सदस्य अक्सर राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में सहयोग करते हैं। प्रधानमंत्री अल्बानीज की इस टिप्पणी को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है, खासतौर पर ऐसे समय में जबकि वे क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए अमेरिका दौरे पर हैं।

### केंद्र ने तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के लिए राज्यों को जारी किया परामर्श

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के दिशा-निर्देशों और मैनुअल के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को संयुक्त परामर्श जारी किया है। युवाओं में तंबाकू के सेवन को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिवों ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को संयुक्त रूप से एक परामर्श जारी किया है। मुख्य सचिवों को संबोधित इस परामर्श में शिक्षण संस्थानों में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए), 2003 के प्रावधानों के अनुरूप तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान (टीओएफईआई) मैनुअल के सख्त क्रियान्वयन का आह्वान किया गया है।

## झारखंड में इंटरनेट सेवा कल भी सुबह आठ से दोपहर डेढ़ बजे तक रहेगी निलंबित

**रांची**। झारखंड में झारखंड स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (जेजीजीएलसीसीई) के मद्देनजर आज सुबह आठ बजे से इंटरनेट सेवा निलंबित है। ऐसी स्थिति कल भी रहेगी। सरकार ने शुक्रवार को को कहा था कि इस परीक्षा के मद्देनजर शनिवार और रविवार को सुबह आठ बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक इंटरनेट सेवा निलंबित करने का फैसला किया गया है। इसके बाद गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने इंटरनेट सेवा निलंबित करने के आदेश जारी किए। समूचे राज्य में 823 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। राज्य में करीब छह लाख 40 हजार अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। गृह विभाग के




आदेश में बताया है कि मोबाइल फोन, इंटरनेट मीडिया, व्हाट्स ऐप , एक्स, टेलीग्राम व यू-ट्यूब आदि के माध्यम से पेपर लीक आदि की शिकायतें पहले मिलती रही हैं। इसलिए इंटरनेट सेवा निलंबित करने का फैसला किया गया। बताया गया है कि राज्य सरकार इन सभी माध्यमों के लिए कोई मौका नहीं छोड़ना चाहती। इसी उद्देश्य से इंटरनेट व मोबाइल डेटा, वाई-फाई आदि को परीक्षा अवधि के दौरान बंद करने का निर्णय किया गया है।



# बिहार के शिक्षकों को झटका, ट्रांसफर में होगी अभी देरी, तबादला नीति पर मंथन जारी

**पटना, एजेंसी।** लंबे समय से तबादले का इंतजार कर रहे बिहार के लाखों शिक्षकों को झटका देने वाली खबर है। शिक्षकों के ट्रांसफर में अभी देरी होगी। शिक्षकों के तबादले के लिए राज्य सरकार द्वारा बनाई जा रही नीति को लेकर अभी तक अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। इसमें संशोधन पर मंथन जारी है। इससे पहले बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने दावा किया था कि शिक्षकों की नई ट्रांसफर पॉलिसी इसी महीने आ जाएगी। इसके बाद माना जा रहा था कि अगले महीने से तबादले भी शुरू हो जाएंगे। शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन के साथ ही अनुकंपा पर नियुक्ति की नीति बनाने को लेकर 2 जुलाई, 2024 को शिक्षा विभाग ने कमिटी गठित की थी। कमिटी गठन को लेकर जारी पत्र में कहा गया था कि 15 दिनों में यह अपनी रिपोर्ट देगी, जिसके आधार पर विभाग निर्णय लेगा। इस बात को ढाई महीने हो चुके हैं, लेकिन कमिटी की रिपोर्ट को अब तक अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। इससे साफ है कि शिक्षकों के स्थानांतरण और अनुकंपा पर मृत शिक्षकों के आश्रितों की नियुक्ति में अभी देर होगी। शिक्षा विभाग के सचिव बैद्यनाथ यादव की अध्यक्ष में यह कमिटी गठित की है। इसमें माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षा के निदेशक सदस्य हैं। ये दोनों निदेशक भी अब नए आ गये हैं। कमिटी की कई बार बैठक हो चुकी है। इसमें उक्त दोनों मामलों के लिए नीति का एक प्रारूप तैयार कर लिया गया है। अभी संशोधन पर विचार हो रहा है। यही वजह है कि अबतक कमिटी अंतिम नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।

### शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने घोषणा की थी

शिक्षक दिवस के मौके पर पिछले दिनों शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने घोषणा की थी कि शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए उदार नीति तैयार की जा रही है। इस संबंध में विभागीय पदाधिकारी बताते हैं कि एक बार नए सिरे से स्थानांतरण नीति को अंतिम रूप देने पर तेजी से कार्रवाई शुरू हुई है। इसके बाद विभागीय प्रमुख और मंत्री के अनुमोदन के बाद नीति पर कैबिनेट से स्वीकृति ली जाएगी। इसके बाद ही नीति के आधार पर शिक्षकों का पदस्थापन और स्थानांतरण होगा। साथ ही अनुकंपा पर मृत शिक्षकों की नियुक्ति का रास्ता भी साफ होगा

## संक्षिप्त समाचार

### आलू-प्याज, लहसुन और सरसों तेल के दाम बेलगाम

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** आलू, प्याज, लहसुन और सरसों तेल के दाम बेलगाम हो चुके हैं। इसके कारण आमलोगों की रसोई का बजट बिगड़ने लगा है। लहसुन का खुदरा बाजार में भाव 340 रुपये किलो तक पहुंच गया है। वहीं, प्याज 60 रुपये किलो तो आलू 35 रुपये किलो मिल रहा है। इधर, दो साल में पहली बार सरसों का तेल 160 रुपये के पार पहुंच गया है। रिफाइंड के भाव भी 20 रुपये तक बढ़े हैं। गोला बाजार के दुकानदार विकास चौधरी व श्याम चौधरी ने बताया कि बाहर से आने वाले लहसुन की आवक में काफी कमी आई है, जिसके कारण बाजार में मनमाने दाम पर लहसुन बिक रहा है। अगस्त में लहसुन 200 रुपये किलो था, जो सितंबर में 340 रुपये तक बिक रहा है। यूपी व मध्यप्रदेश में इस बार फसल कमजोर होने से इसका असर कीमत पर पड़ रहा है। बिहार में भी इस बार लहसुन की फसल अच्छी नहीं हुई है।

### मुम्बई के तीर्थयात्री लापता, परिजन परेशान

गया, एजेंसी। मुम्बई से गयाजी आए 61 वर्षीय एक तीर्थयात्री अशोक कुमार गुप्ता लापता हो गए। उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ है। परिजन काफी परेशान हैं। इसकी सूचना कोतवाली थाने में दी है। शुक्रवार की शाम गया जंक्शन पर तीर्थयात्री अशोक कुमार गुप्ता के दामाद चेतन आनंद ने हिंदुस्तान को यह बातें कहीं। उन्होंने बताया कि 19 सितंबर की रात मुम्बई-हावड़ा मेल से गया जंक्शन पर उतरने के बाद स्टेशन से बाहर निकलते सीसीटीवी में देखा गया है। वह अकेले गयाजी आये थे। जानकारी के लिए मोबाइल लगाया तो स्विच ऑफ है। उसके बाद शुक्रवार को मुंबई से गया आकर उसकी तलाश में जुटे हैं। अशोक कुमार गुप्ता कासा सेरेना डी-1805 मुम्बई नासिक हाथवे ठाणे महाराष्ट्र 421302 के रहने वाले हैं।

### गया जंक्शनः दो थरनेट के साथ चार अपराधी गिरफ्तार, एक फरार

**गया, एजेंसी।** गया जंक्शन पर चोरी की योजना बनाते दो थरनेट के साथ चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जीआरपी व आरपीएफ की संयुक्त टीम ने सुरक्षात्मक सर्च अभियान के दौरान यह कार्रवाई की। रेल सूत्रों ने बताया कि गुरुवार की देर रात करीब 1:00 बजे सूचना पर आरपीएफ व जीआरपी के एक सयुक्त टीम द्वारा गया स्टेशन यार्ड लोको वाशिग पीट के पास छापेमारी की गई। छापेमारी में पकड़े गए अपराधी सुमित कुमार, छोटकी नवादा थाना डेल्हा, छोटु कुमार उर्फ छोला, समीर उर्फ ओमकार और विकास कुमार उर्फ बुहानी तीनो अंदर बैरागी थाना डेल्हा के रहने वाले हैं। मौके से एक अपराधी अंदर बैरागी के बंटी राइडर भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो थरनेट, चार कारतूस, एक मोबाइल, एक चाकू और एक लोहे की मुट्ठी बरामद किया गया। पुलिस को बताया कि यात्रीयों को लुटपाट करने की योजना थी। आरपीएफ के अवर निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद ने जीआरपी थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गई।

### जलवायु अनुकूल खेती परियोजना से उठा रहे लाभ

**दरभंगा, एजेंसी।** जाले प्रखंड के किसान जलवायु अनुकूल खेती परियोजना से लाभ उठा रहे हैं। बिहार सरकार भूमि संरक्षण की सहायक निदेशक कुमारी चंचला प्रिया और आईसीएआर, पटना के रिसर्च एसोसिएट डॉ. सुदीप सरकार ने शुक्रवार को जाले कृषि विज्ञान केन्द्र पहुंचकर जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम परियोजनाओं का अवलोकन किया। दोनों अधिकारियों ने कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष सह वरीय कृषि वैज्ञानिक डॉ. दिव्यांशु शेखर के साथ केवीके के संरक्षण में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम परियोजना के तहत संचालित सिंहवाड़ा के सनहपुर और जाले के राढ़ी, जाले, ब्रह्मपुर और रतनपुर में विभिन्न फसल क्षेत्रों को देखा। उक्त अधिकारियों ने जीरो टिलेज से धान की सीधी बुआई, अरहर का प्रत्यक्षण एवं सामुदायिक सिंचाई आदि फसल परिक्षेत्र भ्रमण कर किसानों से भी बात की। सहायक निदेशक व आईसीएआर के रिसर्च एसोसिएट ने जलवायु अनुकूल खेती परियोजना से लाभ उठा रहे उक्त गांवों के प्रगतिशील किसानों के कार्यों की सराहना की। सहायक निदेशक व आईसीएआर के रिसर्च एसोसिएट ने इसके अलावा कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि फार्म में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम परियोजना के तहत लगे विभिन्न प्रकार के प्रत्यक्षण जैसे धान की सीधी बुआई, धान की प्राकृतिक खेती, धान की प्लांटर से रोपाई, पुरानी विधि से रोपाई एवं धान की प्राकृतिक खेती के विभिन्न प्रत्यक्षण का भी भ्रमण किया।

## बिहार में बाढ़ से दहशत

# अब तक 5 की मौत, पटना समेत 11 जिलों के 5.35 लाख लोग प्रभावित



**पटना, एजेंसी।** गंगा, गंडक, घाघरा, सोन समेत कई नदियों में उफान के बाद बिहार में बाढ़ से दहशत का माहौल बना हुआ है। बाढ़ का पानी राज्य के 11 जिले की 259 ग्राम पंचायतों में फैल गया है। इससे करीब 5.35 लाख की आबादी प्रभावित हुई है।

अभी तक बाढ़ के पानी में डूबने से पांच लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में एक भोजपुर और चार सारण जिले के हैं। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से राहत बचाव कार्य तेज कर दिए गए हैं। विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने शुक्रवार को संबंधित जिलाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने जलस्तर पर लगातार निगरानी रखने और सभी पीड़ितों पर राहत बचाव कार्य पहुंचाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावितों के बीच पॉलिथिन शीट का वितरण किया जा रहा है। अब तक करीब 35 हजार शीट बांटी जा चुकी हैं। चार राहत शिविर और 66 रसोई केंद्र का संचालन शुरू कर दिया गया है। 4250 राशन पैकेट भी बांटे गए हैं। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की 13 यूनिट तैनात की गई है। बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने के लिए 971 नावों का परिचालन शुरू किया गया। चिकित्सकीय सहायता के लिए सात बोट एंबुलेंस चलाई जा रही हैं।

### गंगा से सटे निचले इलाकों पर ज्यादा असर

गंगा नदी से सटे इलाकों पर बाढ़ का ज्यादा असर देखा जा रहा है। पटना, भोजपुर, वैशाली, सारण, बेगूसराय जिले ज्यादा प्रभावित हैं। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार बक्सर के तीन प्रखंड की पांच पंचायतों के 1780 लोग, भोजपुर के चार प्रखंडों की 43 पंचायतों की 70 हजार 234 आबादी, सारण के छह प्रखंड की 29 पंचायतों के 76 हजार 19 लोग, वैशाली के छह प्रखंड की 31 पंचायतों के 94 हजार 600 लोग, पटना के आठ प्रखंडों की 43 पंचायतों के 93 हजार, समस्तीपुर के तीन प्रखंडों की 18 पंचायतों के 7600, बेगूसराय के आठ प्रखंडों की 29 पंचायतों के 45 हजार, मुंगेर के छह प्रखंडों की 22 पंचायतों के 81363, खगड़िया के चार प्रखंडों की 21 पंचायतों के 19770 लोग, भागलपुर के चार प्रखंडों की 8 पंचायतों की 1192 आबादी प्रभावित हुई है।

### महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखें

अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने निर्देश दिया कि लोगों के उपचार के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाओं के साथ ही चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति की जाए। जिन क्षेत्रों में सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया है, वहां बोट एंबुलेंस चलाई जाय। बच्चों, वृद्धजन एवं गर्भवती महिलाओं का विशेष ख्याल रखा जाय। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से पानी निकलने पर ब्लीचिंग पाउडर का तुरंत छिड़काव कराएं। पीड़ितों के बीच आवश्यकतानुसार राशन पैकेट का वितरण कराएं। सामुदायिक रसोई का संचालन शुरू किया जाय। पशुओं के लिए दवा-चारा के पर्याप्त इंतजाम कर लिए जाएं।

## कार में मिली शराब, गोपालगंज का तस्कर गिरफ्तारः यूपी से लाई जा रही थी खेप

### शराब मंगवाने वाले धंधेबाज की गिरफ्तारी में जुटी पुलिस

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर पुलिस ने कार से लाखों रुपए की अवैध विदेशी शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। कार की सीट कवर में शराब की बोतलें भरी थी। पुलिस ने शराब की खेप मांगने वाले की पहचान कर ली है।जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीम आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। दरअसल सदर थाना प्रभारी अस्मित कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि यूपी शराब तस्कार शराब की खेप लेकर गायत्री नगर के एक शराब धंधेबाज को सप्लाई करने वाला है। थाना प्रभारी ने सूचना के सत्यापन के बाद वरीय अधिकारी के निर्देश पर एक टीम गठित की। जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस को देखकर शराब तस्कर भागने लगा। पुलिस ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। जिसके बाद कार की तलाशी ली।



### 330 टेट्रा पैक बरामद

330 टेट्रा पैक बरामद किया है। जिसके बाद शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने पूछताछ की तो बताया कि गायत्री नगर के सुनील कुमार ने शराब की खेप मंगाई थी। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचाना गोपालगंज जिला निवासी अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद पुलिस उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं, शराब खेप मांगने वाले धंधेबाज की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी करने जुटी हुई है। सदर थाना प्रभारी अश्मित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एक कार से बड़ी मात्रा में शराब की खेप बरामद की गई है। एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार तस्कर ने बताया कि गायत्री नगर के सुनील कुमार ने शराब की खेत मंगवाई थी।



## तालाब में डूबकर किशोर की मौतःनालंदा में गांव के बच्चों के साथ खेलने के दौरान हादसा

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में शुक्रवार को खेलने के दौरान तालाब में डूबकर एक किशोर की मौत हो गई। मामला पावापुरी ओपी अंतर्गत दुर्गापुर गांव का है। मृतक की पहचान दुर्गापुर प्यारेपुर निवासी स्वर्गीय सुमित मांझी का (10) वर्षीय पुत्र भोला कुमार के रूप में की गई है। मृतक के परिजन ने बताया कि भोला कुमार गांव के बच्चों के साथ खेलने के लिए घर से निकला था। जब शाम होने के बाद भी नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन की जाने लगी। तभी कुछ बच्चों ने बताया कि वह तालाब किनारे खेल रहा था। परिजन ने बताया कि खेलने के दौरान पैर फिसल गया और गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब कर उसकी मौत हो गई। तालाब में खोजबीन के दौरान भोला का पैर स्पर्श हुआ जिसके बाद उसके शव को तालाब से बाहर निकाला गया।

### आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी

पावापुरी ओपी प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया कि तालाब में डूबने से मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे घटना की जांच में जुट गई है।

## दिवाली-छठ पर बिहार के लिए 23 स्पेशल ट्रेनेंःवंदे भारत में आसानी से मिल रहे टिकट

### दिल्ली से पटना के लिए स्पेशल बस भी



**पटना, एजेंसी।** दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ में अगर आप बिहार आना चाहते हैं तो ये खबर आपके लिए है। अक्टूबर और नवंबर में आने वाले त्योहारों को देखते हुए रेलवे ने 23 स्पेशल ट्रेनें शुरू की हैं। इनमें से 15 ट्रेनें हैदराबाद/सिकंदराबाद से पटना/दानापुर के लिए चलेंगी। इतना ही नहीं रेलवे ने सिकंदराबाद-दानापुर और हैदराबाद/सिकंदराबाद-रक्सौल के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का फैसला लिया है। वहीं 8 ट्रेनें दिल्ली रूट पर चलेंगी।इसके अलावा मुजफ्फरपुर, दानापुर और पटना जंक्शन से सिकंदराबाद के लिए भी एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। ये स्पेशल ट्रेनें अब जनवरी 2025 तक चलेंगी। इधर, परिवहन निगम दिल्ली से आगरा और लखनऊ होते पटना के लिए दो बसें चलाने जा रहा है। इनमें एक सीटर और दूसरी स्लीपर है। दिल्ली के अलावा अन्य शहरों से भी बस की सुविधा मिलेगी। इसकी एडवांस बुकिंग एक अक्टूबर से शुरू होगी।

### दिल्ली से पटना आने वाली ट्रेनों में अभी से सीटें फुल

दीपावली-छठ के दौरान दिल्ली से पटना आने वाली ट्रेनों की सीटें अभी से ही फुल हो चुकी हैं। किसी ट्रेन में नो रूम है तो किसी में वेटिंग टिकट मिल रहा है। 25 से 28 अक्टूबर तक दिल्ली से आने वाली डिब्रूगढ़ राजधानी, संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, विक्रमशिला एक्सप्रेस, नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस, ब्रह्मपुत्र मेल, सीमांचल एक्सप्रेस के एसी कोच की सीटें भी फुल हो चुकी है। कई ट्रेनों में तो वेटिंग में भी टिकट उपलब्ध नहीं है। पूर्व मध्य रेल के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने बताया कि दीपावली और छठ पूजा में आने-जाने वाले यात्रियों की भीड़ के देखते हुए पटना-दिल्ली के बीच जरूरत के अनुसार स्पेशल ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। अभी जो स्पेशल ट्रेनें चल रही हैं, उनकी परिचालन अवधि बढ़ाई गई है।

### इन ट्रेनों में अभी मिल रहा कन्फर्म टिकट

अहमदाबाद-पटना स्पेशल, पटना-अहमदाबाद स्पेशल, अहमदाबाद-दानापुर स्पेशल, दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल, वलसाड़-दानापुर स्पेशल, दानापुर-वलसाड़ स्पेशल, साबरमती-पटना स्पेशल, पटना-साबरमती स्पेशल, डॉ. आंबेडकर नगर (इंदौर)-पटना स्पेशल, पटना- डॉ. आंबेडकर नगर (इंदौर) स्पेशल और उधना-पटना स्पेशल।

## बिहार में नहीं रुकेगा लैंड सर्वे का कामः विभाग के सचिव बोले- कुछ स्वार्थी लोग अफवाह फैला रहे



### 20 हजार से अधिक गांवों में खतियान लिखने का काम शुरू

**पटना, एजेंसी।** बिहार में लैंड सर्वे का काम समय पर होगा। राजस्व एवं भूमि सुधार के सचिव जय कुमार सिंह ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि कुछ स्वार्थी लोग अफवाह फैला रहे हैं कि यह रुक जाएगा। आम जनता को इस पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। लापरवाही पर गोपालगंज और पूर्वी चंपारण के बंदोबस्त अधिकारियों को शो काउज नोटिस जारी किया गया है। शुक्रवार को विभाग के सचिव जय कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बंदोबस्त पदाधिकारियों के साथ बैठक की। 43041 गांवों की समीक्षा की गई, जहां भूमि सर्वेक्षण का काम जारी है। इन सभी गांवों में सर्वेक्षण की उद्घोषणा कर दी गई है। इसमें से 42561 गांवों को ही निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। बाकि 480 मौजों को अगले एक सप्ताह में अपलोड करने का निर्देश बंदोबस्त पदाधिकारियों को दिया गया है।

### 8737 मौजों में खतियान लिखने का काम पूरा

सभी 43041 गांवों में सर्वेक्षण की उद्घोषणा हो गई है। 41333 मौजों में ग्राम सभा भी हो चुकी है। स्वघोषणा का काम प्रदेश के 445 अंचलों में चल रहा है। अब तक 36 लाख लोगों ने स्वघोषणा जमा की है। 25 लाख स्वघोषणा शिविरों में ऑफलाइन एवं करीब 11 लाख ऑनलाइन जमा हुई है। प्रदेश के सभी जिलों में 20526 मौजों में खतियान लिखने का काम शुरू किया गया है। जिसमें 8737 मौजों में खतियान का सार यानी तेरिज लिखने का काम पूरा हो गया है। इसे और तेज करने को कहा गया है।

### वंशावली खुद से बनाएं, परेशानी नहीं होगी

सचिव जय सिंह ने कहा कि विभाग की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा लोग ऑनलाइन अपनी जमीन का ब्योरा यानि स्वघोषणा सर्वे निदेशालय की वेबसाइट dlrs.bihar.gov.in पर अपलोड करें। जितना कागजात उपलब्ध है उसे ही प्रपत्र-2 के साथ संलग्न किया जाना है। अगर जमीन खतियानी है तो वंशावली खुद से बनाएं। कोई परेशानी नहीं होगी।

### 20 हजार 526 गांव में खतियान लिखना शुरू

बैठक में प्रपत्र-5 यानि खतियान का सार लिखने के काम की भी समीक्षा की गई। सभी जिलों में 20526 मौजों में खतियान लिखने का काम शुरू किया गया है। जिसमें 8737 मौजों में खतियान का सार यानि तेरीज लिखने का काम पूरा भी कर लिया गया है। बंदोबस्त पदाधिकारियों को इस काम में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है।

### सर्वे ट्रैकर से अफसर के काम-काज पर नजर

मीटिंग में मौजूद भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशक जे.प्रियदर्शिनी ने सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को तकनीकी रूप से दक्ष होने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि सर्वे की सभी प्रक्रिया ऑनलाइन है। इसलिए इसकी प्रगति की समीक्षा बगैर तकनीकी दक्षता के संभव नहीं है। बिहार सर्वे ट्रैकर एप की मदद से मोबाइल फोन के जरिए कोई भी रैयत अपने गांव में सर्वे की गतिविधियों की जानकारी ले सकता है और उसमें भाग ले सकता है। सभी बंदोबस्त अधिकारियों को बिहार सर्वे ट्रैकर एप की मदद से अपने कर्मियों के कार्यों का भी मूल्यांकन करने को कहा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में गंगा किनारे मिला युवक का शव, दो दिन से था लापता

**पटना।** पटना के नदी थाना क्षेत्र में दो दिन से लापता युवक का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है। मृतक की पहचान गढ़ोचक कृपाल टोला निवासी कृष्ण दास के पुत्र श्रवण कुमार(30) के तौर हुई है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार को देर शाम शौच करने घर से निकला था। काफी देर तक जब नहीं लौटा तो खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। अपने स्तर से ही खोजबीन जारी रखा। पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। शनिवार सुबह समसपुर श्मशान घाट के पास शनिवार सुबह ग्रामीणों ने एक शव देखा। जिसकी सूचना श्रवण के परिजन और पुलिस को दी गई। पहचान के लिए परिवार वाले मौके पर पहुंचे। शव श्रवण का ही था। पहचान होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने आशंका जताते हुए कहा कि शौच करने के दौरान पैर फिसलने से गंगा में डूब गया होगा। जिससे उसकी मौत हो गई। इधर, थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



### काठमांडू से पैदल पटना पहुंचे दंपति, 7 दिन में 650 KM की दूरी किया तय

**पटना।** कोलकाता के आरजी मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर की निर्मम हत्या का प्रभाव भारत के पड़ोसी देश नेपाल पर भी पड़ा है। वहां के लोग भी इस घटना से काफी मर्माहत हैं। करीब 650 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करके पति-पत्नी महिलाओं को इंसाफ दिलाने और समाज में मैसेज देने के लिए पटना पहुंचे। दोनों ने 7 दिनों में यह सफर तय किया है। 15 सितंबर को पैदल घर से निकले थे। रामकुमार महतो ने बताया कि वो नेपाल में होटल चलाते हैं। समाज में दहेज प्रथा महिलाओं के लिए गंदगी की तरह है, इसे हटना चाहिए। औरतों को आजादी मिलनी चाहिए। कोलकाता में जो घटना हुई है, उसमें अभी तक इंसाफ नहीं मिला है। इसके लिए हम दोनों नेपाल के काठमांडू से पैदल चलकर 7 दिनों में पटना पहुंचे हैं। खान सर से मिलकर उन्हें अपनी बात बताएंगे और दुनिया को महिलाओं के सम्मान के लिए मैसेज भी देंगे। खान सर मेरे आइडियल हैं, उनका मैं फैन हूं। तो ये काम भी उनके माध्यम से ही करना चाहता हूं। वहीं, अनीता महतो ने बताया कि दहेज के लिए बहन-बेटियों को जलाया जाता है। दहेज प्रथा बंद होना चाहिए। नेपाल और भारत दोनों जगह दहेज का बुरा असर है। मैं इस पैदल मार्च के जरिए पति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज को संदेश दे रही हूं। न्यूज में इस तरह कि घटना देखने को मिलती है। कहीं दहेज के लिए शादी रुक गई, तो कहीं बेटियों को मार डाला। यही देखकर सुधार के लिए प्रयास कर रहे हैं।




### दिवाली-छठ पर बिहार के लिए 23 स्पेशल ट्रेनें, हैदराबाद-दिल्ली से सबसे ज्यादा ट्रेनें

**पटना।** दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ में अगर आप बिहार आना चाहते हैं तो ये खबर आपके लिए है। अक्टूबर और नवंबर में आने वाले त्योहारों को देखते हुए रेलवे ने 23 स्पेशल ट्रेनें शुरू की हैं। इनमें से 15 ट्रेनें हैदराबाद/सिकंदराबाद से पटना/दानापुर के लिए चलेंगी। इतना ही नहीं रेलवे ने सिकंदराबाद-दानापुर और हैदराबाद/सिकंदराबाद-रक्सौल के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का फैसला लिया है। वहीं 8 ट्रेनें दिल्ली रूट पर चलेंगी। इसके अलावा मुजफ्फरपुर, दानापुर और पटना जंक्शन से सिकंदराबाद के लिए भी एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। ये स्पेशल ट्रेनें अब जनवरी 2025 तक चलेंगी। इधर, परिवहन निगम दिल्ली से आगरा और लखनऊ होते पटना के लिए दो बसें चलाने जा रहा है। इनमें एक सीटर और दूसरी स्लीपर है। दिल्ली के अलावा अन्य शहरों से भी बस की सुविधा मिलेगी। इसकी एडवांस बुकिंग एक अक्टूबर से शुरू होगी।



### जनता के मुद्दों पर कांग्रेस मुखर होगी, प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उठाएगी आवाज, प्रवक्ताओं की मीटिंग में लिया फैसला

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी है। शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में सभी प्रवक्ताओं की बैठक हुई। इस दौरान उपचुनाव और बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। संवेदनशील विषयों और जनता से जुड़े मुद्दों को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जनता के बीच लाने का काम करेगी। सभी प्रवक्ताओं के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। बिहार कांग्रेस के प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष से विचार विमर्श के बाद मीडिया विभाग को विस्तारित किया जाएगा। मीटिंग में कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता डॉ. शकील अहमद खान, नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव शहनवाज आलम, सुशील कुमार पासी मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौर, प्रवक्ता अमिता भूषण, पूनम पासवान, विधायक प्रतिमा दास, आनंद माधव, डॉ. रूपम यादव, पैनलिस्ट ज्ञान रंजन, असफर अहमद, संजीव कुमार कर्मवीर, शिशिर कौंडिलय, अमित सिंह और रणजीत कुमार मिश्रा और बिहार सोशल मीडिया के चेयरमैन सौरभ सिन्हा मौजूद रहे।



### नीट पेपर लीक मामले में 6 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट, ओएसिस स्कूल हजारीबाग के प्रिंसिपल भी शामिल

**पटना।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने 6 आरोपियों के खिलाफ विशेष अदालत में दूसरी चार्जशीट दाखिल की है। जिसमें धारा 120-बी (आपराधिक साजिश), धारा 109 (उकसाना), धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात), धारा 420 (धोखाधड़ी), धारा 380 (चोरी) के तहत चार्जशीट दायर की है। इसमें ओएसिस स्कूल हजारीबाग के प्रिंसिपल डॉ. अहसानुल हक, एमडी इम्तियाज आलम (उप-प्राचार्य, ओएसिस स्कूल और केंद्र अधीक्षक), जमालुद्दीन उर्फ जमाल(पत्रकार), बलदेव कुमार उर्फ चिंटू, सनी कुमार, अमन कुमार सिंह शामिल है। पेपर लीक मामले की सुनवाई अब भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विशेष अदालत में होगी। सीबीआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद विशेष न्यायिक दंडाधिकारी ने सभी अभिलेख के साथ विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह की अदालत में भेजने का आदेश दिया। ीबीआई ने इससे पहले 1 अगस्त 2024 को 13 आरोपियों के खिलाफ पहली चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में अब तक 48 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। आगे और नाम जुड़ने की संभावना है। जांच एजेंसी ने पेपर लीक के लाभार्थी उम्मीदवारों की भी पहचान कर ली है और आवश्यक कार्रवाई के लिए एनजीटी के साथ डिटेल भी साझा किया है।

# पटना में पति ने की पत्नी की गला रेतकर हत्या

## अफेयर का शक था, बेटी बोली- पापा अक्सर मां को पीटते थे

एजेंसी, पटना।

पटना के दानापुर में शनिवार को अफेयर के शक में पति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति फरार हो गया। घटना नया टोला लालू खटाल के पास की है। मृतका की पहचान नौबतपुर के सरेरामपुर निवासी मधुरेश कुमार(42) की पत्नी रंजू देवी(40) के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। वहीं, आरोपी पति की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



**पत्नी पर शक करता था:** पड़ोसियों ने बताया कि मधुरेश कुमार अपनी पत्नी रंजू देवी और बेटी के साथ किराये के मकान में सितंबर 2023 से रह रहे थे। पति-पत्नी के बीच हमेशा विवाद होता था। पत्नी पर वो शक करता था। किसी से बात करने पर भी उसकी पिटाई कर देता था।

**पापा ने मां का गला रेत दिया:** मृतका की छोटी बेटी सुप्रीया ने बताया कि पापा अक्सर मां को पीटते थे। बड़ी बहन BHU में पढ़ाई करती है। मैं सुबह लाइब्रेरी गई थी। पड़ोसी किराएदार ने साढ़े 11 बजे घटना की सूचना दी। जब घर पहुंची तो देखा कि मां फर्श पर पड़ी है। पापा ने गला रेत दिया था। मृतका के चाचा गौरी शंकर शर्मा ने बताया कि रंजू निजी नर्सिंग होम में काम करती थी। एक दिन शराब पीकर मधुरेश ने पत्नी और बेटी के साथ मारपीट की थी। इस घटना के बाद वो लोग नया टोला आ गए। वहां भी उसका पति पहुंच गया। मधुरेश का अपने पिता से नहीं बनता था उसके साथ भी मारपीट करता था।

## बाढ़ में सीढ़ी घाट पर गंगा में डूबा युवक

एजेंसी, पटना।

पटना जिले के बाढ़ में सीढ़ी घाट के पास नहाने के दौरान एक युवक डूब गया। मृतक रौशन कुमार (24) पंडारक थाने के गोपकिता गांव का रहने वाला था। वह हर दिन अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज के मैदान परिसर में दौड़ने के लिए आता था। शनिवार को एक्सरसाइज करने के बाद गंगा में नहाने के लिए सीढ़ी घाट पहुंच गया था। वहां गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गया।

**शव की खोज में जुटे गोताखोर:** घटना की सूचना मिलते ही बाढ़ के अंचलाधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह और बाढ़ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोर को बुलाकर शव की खोजबीन की जा रही है। स्थानीय शनि मंदिर के संस्थापक नागा शिवजी मुनि उदासीन ने बताया कि शनिवार को मंदिर में काफी भीड़ थी। लोगों के चिल्लाने की आवाज सुन मंदिर से बाहर निकला तो युवक के डूबने की जानकारी मिली। जानकारी के मुताबिक दो युवक एक साथ गंगा में



गोताखोर की टीम कर रही खोज

नहा रहे थे। इसमें एक युवक गहरे पानी में चला गया। कुछ ही देर में गंगा की धारा खींच ले गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची। स्थानीय गोताखोर को भी बुलाया गया है। युवक की खोजबीन जारी है। मौके पर पहुंचे बाढ़ अंचलाधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शव की खोजबीन की जा रही है। गंगा का जलस्तर बढ़ा हुआ है। खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसके बावजूद लोग स्नान करने में सावधानी नहीं बरत रहे हैं।

## पटना में सब्जी विक्रेता को मारी गोली, अस्पताल में भर्ती

### बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रहे थे, तभी अपराधियों ने की फायरिंग

एजेंसी, पटना।

पटना में शनिवार सुबह अपराधियों ने एक सब्जी विक्रेता को गोली मार दी। गोली उसके कमर में लगी है। आनन-फानन में उसे पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज जारी है। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। घायल की पहचान गुड्डू यादव(40) के तौर पर हुई है। गुड्डू यादव मुसल्लहपुर हाट में सब्जी बेचने का काम करता है। जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 6:30 बजे बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। इस बीच अपराधियों फायरिंग शुरू कर दी। बीच सड़क पर सुबह-सुबह गोलीबारी से आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, गुड्डू को गोली क्यों मारी गई, इसका पता अभी नहीं चल पाया है। घटना पीरबहोर इलाके की है।



**आपराधिक इतिहास रहा है:** मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टाउन डीएसपी अशोक कुमार ने बताया कि बाइक सवार 2 अपराधियों ने फायरिंग की है। गुड्डू यादव के कमर में गोली लगी है। गुड्डू का आपराधिक इतिहास रहा है। पूर्व में डकैती की योजना बनाते हुए पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जेल भी जा चुका है।

**भाई भी जा चुका है जेल:** इसका भाई महेश यादव भी अपराधी रहा है। कुख्यात शराब माफिया है। ये भी कई बार जेल जा चुका है। हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पटना NIT में आंध्र प्रदेश की छात्रा ने किया सुसाइड

एजेंसी, पटना।

पटना में एनआईटी की एक छात्रा ने सुसाइड कर लिया। मृतका की पहचान आंध्र प्रदेश निवासी पल्लवी रेड्डी के रूप में की गई है। वो कंप्यूटर इलेक्ट्रॉनिक की सेकंड ईयर की स्टूडेंड थी। पल्लवी के दोस्तों ने बताया कि वह दिन भर खुश थी। उसके चेहरे पर परेशानी नहीं दिख रही थी। कमरे में पल्लवी के अलावा और दो लड़कियां रहती हैं। दोनों लड़कियों को पल्लवी ने खाना खाने के लिए मेस भेज दिया। जब दोनों मेस से खाना खाकर लौटीं तो देखा कि पल्लवी फंदे से झूल रही हैं। इसके बाद दोनों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। घटना शुक्रवार देर रात की है। घटना की जानकारी मिलते ही एनआईटी के बिहटा और पटना कैंपस में छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया। पटना में आक्रोशित छात्र एकेडमिक ब्लॉक के सामने पहुंच गए हैं और वी वांट जस्टिस के नारे लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

**किसी ने पल्लवी का पल्स तक चेक नहीं किया:** इधर, बिहटा कैंपस में छात्राओं ने कॉलेज प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि जानकारी मिलते ही सुरक्षाकर्मियों ने पल्लवी का कमरा बंद कर दिया। किसी ने उसका पल्स तक चेक नहीं किया। उसे डॉक्टर के यहां ले जाया जा सकता था। हम लोगों को भी अंदर जाने नहीं दिया गया और कमरे में बंद कर दिया गया।



**एनआईटी के डायरेक्टर से मांगा इस्तीफा:** हंगामा की जानकारी मिलते ही पीरबहोर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। छात्र पुलिस की सुनने को तैयार नहीं थे। प्रदर्शन कर रहे फोर्थ ईयर के छात्र संतोष कुमार ने कहा कि हमलोगों को जबरन बिहटा कैंपस में शिफ्ट किया जा रहा है। बिहटा कैंपस में कोई सुविधा नहीं है। छात्रों के मना करने के बाद भी वहां 600 छात्रों को भेज दिया गया है। छात्रों ने एनआईटी के डायरेक्टर से इस्तीफा देने की मांग की है। बिहटा कैंपस के छात्रों ने भी प्रशासन पर डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। हंगामा कर रहे छात्रों ने कहा कि उन्हें मुंह बंद रखने को कहा जा रहा है। धमकी दी जा रही है कि करियर बर्बाद कर दिया जा एगा। अभी कैंपस पूरी तरह बनकर तैयार नहीं हुआ है। देर रात तक काम करने वाले मजदूर हमारे कमरों के आसपास से गुजरते रहते हैं।

♦ रूममेट्स को मेस भेजा उसके बाद फंदे से लटकी, कैंपस में छात्रों का भारी बवाल

**सात साल पहले छात्रा ने दी थी जान:** बता दें कि करीब सात साल पहले पीरबहोर थाना क्षेत्र स्थित एनआईटी कैंपस में इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से बीटेक कर रही थर्ड ईयर की छात्रा शिखा शुक्ला ने सुसाइड कर लिया था। घटना एक सितंबर 2017 को हुई थी। शिखा उत्तर प्रदेश के फरुखाबाद की रहने वाली थी। सिटी एसपी वेस्ट सरथ आरएस ने बताया कि एनआईटी कैंपस के गर्ल्स हॉस्टल में एक छात्रा ने खुदकुशी की है। FSL की टीम और पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। वहीं थानाध्यक्ष राजकुमार पांडे ने बताया कि सिकंदरपुर स्थित एनआईटी कैंपस के गर्ल्स हॉस्टल में एक छात्रा ने खुदकुशी कर ली। जानकारी मिलते ही पुलिस और 112 डायल की टीम भी मौके पर पहुंची। जहां सबसे पहले छात्रा को ईएसआईसी अस्पताल में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्य घोषित करदिया। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के पटना भेज दिया है। हालांकि आत्महत्या के कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है मृतक के कमरे की तलाशी ली जारी है। परिवार को सूचना दी गई है।

## बाढ़ में तख्ती लेकर जमीन के लिए आंदोलन, एसडीएम से मिले आंदोलनकारी

एजेंसी, पटना।

बाढ़ के बिचली मलाही से अनुमंडल कार्यालय तक पैदल यात्रा कर भूमि अधिकार आंदोलन निकाला गया। बड़ी संख्या में लोग हाथ में तख्ती लेकर नारेबाजी करने पहुंचे। राष्ट्रीय एकता मिशन के बैनर तले आंदोलन निकाला गया। लोगों ने जय भीम की नारेबाजी भी की है।

**पांच डिसमिल जमीन उपलब्ध कराई जाए:** भूमिहीन लोगों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें रहने के लिए पांच-पांच डिसमिल जमीन उपलब्ध कराई जाए। इसको लेकर अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम शुभम कुमार को ज्ञापन भी सौंपा गया। राष्ट्रीय एकता मिशन के अध्यक्ष दीपक पासवान ने बताया कि सरकार ने कई बार भूमिहीनों को दिलासा दिया है। भूमिहीनों को रहने के लिए जमीन की कमी है। कम जमीन में ही घर बनाकर संयुक्त परिवार रहने को मजबूर हैं। बड़ी संख्या में दलितों के पास रहने के लिए जमीन नहीं है। सरकार की ओर से जांच करवाकर भूमिहीनों को पांच-पांच डिसमिल जमीन मुहैया कराई जाए। यह आंदोलन बाढ़ से शुरू होकर पूरे बिहार के हर जिले में चलाया जा रहा है।

**एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया:** बाढ़ एसडीएम शुभम कुमार को ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने आश्वासन



घर बनाने के लिए 5 डिसमिल जमीन बनाने की मांग

दिया है कि जल्द ही गरीब भूमिहीनों की पहचान कर मदद की जाएगी। एसडीएम ने यह भी बताया कि अभियान बसेरा के तहत गाइडलाइन दिया गया है, जो दलित समुदाय के लोग हैं। भूमिहीन हैं। उनको चिन्हित किया जाएगा। गैर मजरूआ जमीन पर दलित भूमिहीन लोगों को बसाने का कार्य किया जाएगा। सबसे पहले भूमिहीन दलित परिवार की पहचान की जाएगी।

## बिहार में नहीं रुकेगा लैंड सर्वे का काम

एजेंसी, पटना।

बिहार में लैंड सर्वे का काम समय पर होगा। राजस्व एवं भूमि सुधार के सचिव जय कुमार सिंह ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि कुछ स्वार्थी लोग अफवाह फैला रहे हैं कि यह रुक जाएगा। आम जनता को इस पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। लापरवाही पर गोपालगंज और पूर्वी चंपारण के बंदोबस्त अधिकारियों को शो काउज नोटिस जारी किया गया है। शुक्रवार को विभाग के सचिव जय कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बंदोबस्त पदाधिकारियों के साथ बैठक की। 43041 गांवों की समीक्षा की गई, जहां भूमि सर्वेक्षण का काम जारी है। इन सभी गांवों में सर्वेक्षण की उद्घोषणा कर दी गई है। इसमें से 42561 गांवों को ही निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। बाकि 480 मौजों को अगले एक सप्ताह में अपलोड करने का निर्देश बंदोबस्त पदाधिकारियों को दिया गया है।

**737 मौजों में खतियान लिखने का काम पूरा:** सभी 43041 गांवों में सर्वेक्षण की उद्घोषणा हो गई है। 41333 मौजों में ग्राम सभा भी हो चुकी है। स्वघोषणा का काम प्रदेश के 445 अंचलों में चल रहा है। अब तक 36 लाख लोगों ने स्वघोषणा जमा की है। 25 लाख स्वघोषणा शिविरों में ऑफलाइन एवं करीब 11 लाख ऑनलाइन जमा हुई है। प्रदेश के सभी जिलों में 20526 मौजों में खतियान लिखने का काम शुरू किया गया है। जिसमें 8737 मौजों में खतियान का सार यानी तेरिज



लिखने का काम पूरा हो गया है। इसे और तेज करने को कहा गया है।

**वंशावली खुद से बनाएं, परेशानी नहीं होगी:** सचिव जय सिंह ने कहा कि विभाग की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा लोग ऑनलाइन अपनी जमीन का ब्योरा यानि स्वघोषणा सर्वे निदेशालय की वेबसाइट dlrs.bihar.gov.in पर अपलोड करें। जितना कागजात उपलब्ध है उसे ही प्रपत्र-2 के साथ संलग्न किया जाना है। अगर जमीन खतियानी है तो वंशावली खुद से बनाएं। कोई परेशानी नहीं होगी।

**20 हजार 526 गांव में खतियान लिखना शुरू:** बैठक में प्रपत्र-5 यानि खतियान का सार लिखने के काम की भी समीक्षा की गई। सभी जिलों में 20526 मौजों में खतियान लिखने का काम शुरू किया गया है। जिसमें 8737 मौजों में खतियान का सार यानि तेरीज लिखने का काम पूरा भी कर लिया गया है। बंदोबस्त पदाधिकारियों को इस काम में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है।

## बिहार में शराब की बोतल से बन रहीं चूड़ियां, अमिताभ बच्चन भी कर चुके हैं तारीफ

एजेंसी, पटना।

बिहार की महिलाएं आज अपने आप को कला के दम पर सशक्त बना रही हैं। उनकी बनाई गई चित्रकारी की बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने भी सराहना की है। कोई आज शराब की बॉटल से चूड़ियां बना रहा है, तो कोई कोरोना में नौकरी जाने के बाद साउथ की कला को बिहार लेकर आ गईं। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित सरस मेले में आईं महिलाओं ने जमीन से उठकर लोगों के ताने को पीछे छोड़कर अपने पैर पर खड़े होने की कहानी बताई। किस तरह से उन्होंने अपनी कला से रोजगार का जरिया बनाया।

**शराब बेचने के बाद शुरू किया सिक्की कला का सफर:** लाजवंती देवी अपने पति के साथ गोपालगंज में शराब बेचती थी। बिहार में शराबबंदी के बाद शराब बिकना बंद हो गया। जिससे घर में खाने के लाले पड़ गए। घर चलाने और बच्चों को स्कूल तक भेजने के पैसे नहीं थे। फिर लाजवंती ने अपने मां के सिखाए सिक्की कला को कमाई का जरिया बनाने का सोचा। वह जीविका से जुड़ीं। आज वह सिक्की से हैंडक्राफ्टेड प्रोडक्ट बनाती हैं। इसमें दउरी, फूल डाली, रोटी रखने के लिए हॉटपॉट, चूड़ी, हैंड बैग शामिल है। लाजवंती देवी ने आगे बताया कि यह सिक्की वह खुद नदियों और तालाबों के किनारे से काटकर लाती हैं। फिर उसे सूखाती हैं और विभिन्न रंगों से रंगती हैं। एक छोटा प्रोडक्ट तैयार करने में दो दिन और बड़े प्रोडक्ट में 4-5 दिन लग जाते हैं। आज वह अपनी कला और इस छोटे बिजनेस की मदद से घर चला रही हैं।

**अमिताभ बच्चन ने की सराहना:** समस्तीपुर की ममता देवी के द्वारा बनाए गए बांस के कलाकारी के दीवाने बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन भी हैं। हाल ही में कौन बनेगा करोड़पति शो के दौरान बिहार के एक कंटेस्टेंट ने



ममता देवी की बनाई कलाकृति अमिताभ बच्चन को भेंट की। इसमें उनके चेहरे की बांस से चित्रकारी की गई थी, जिसकी अमिताभ बच्चन ने काफी सराहना की।

**एक मेले से कमा लेते 2 लाख रुपए:** ममता देवी के पति रामचंद्र राम ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ मिलकर इस कला को रोजगार के रूप में शुरू किया। यह कला आते हुए भी उसका सही तरह से इस्तेमाल नहीं हो पा रहा था। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने पर ममता देवी जीविका से जुड़ीं। अपनी कला से रोजगार के अवसर पैदा किए। आज वह




एक मेले से करीब 2 लाख रुपए कमा लेते हैं। इसके लिए बांस को खुद छीलते हैं। फिर उनकी पतली पट्टी बनाकर डिजाइनिंग करते हैं। फेवीकॉल की मदद से चिपकाते हैं। इस पर वार्निश पेंट किया जाता है, ताकि कीड़ा न लगे और चमक आए।

**शराब की बोतल से बना रही चूड़ियां:** रोहतास की संगीता देवी के पति की मौत शराब पीने से हुआ था। उनके ऊपर दो बेटे और तीन बेटियों के पालन-पोषण की अकेले जिम्मेदारी आ गई थी। आज वह उन्हीं शराब की बॉटल से चूड़ियां बना रही हैं, जो महिलाओं के हाथों की शोभा बन रही है। जीविका से जुड़ने के बाद 2020 से इस काम को कर रही हैं। आसपास से या फैक्ट्री से बॉटल मांगती हैं। फिर मशीन की मदद से तोड़ती हैं। भट्टी में आग की तपिश में गलाने के बाद उसे चूड़ी का गोल आकार दिया जाता है। फिर उसकी सेंकाई होती है और केमिकल मिलाकर उसे रंगा जाता है। शेखपुरा की कृष्णा देवी के लिए तंजौर पेंटिंग वरदान साबित हुआ है। कृष्णा देवी ने यह पेटिंग का काम चेन्नई में अपने पति के साथ रहने के दौरान मकान मालिक के यहां सीखी थी। वह बिहार में अपने दक्षिण भारतीय चित्रकला शैली से सभी को कायल कर रहीं हैं। उनके पति प्रवीण कुमार ने बताया कि साल 2020 में कोविड महामारी के दौरान रोजगार छीन जाने के बाद वो परिवार सहित बिहार आ गए। उनकी पत्नी जीविका से पहले से जुड़ी हुई थी, जिसकी मदद से उन्होंने अपने इस काम को रोजगार के तौर पर आगे बढ़ाया।

# चेन्नई टेस्ट : भारत ने घोषित की दूसरी पारी, गिल-पंत का शतक, बांग्लादेश को 515 रनों का लक्ष्य

एजेंसी, चेन्नई



भारत ने यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जा रहे दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन लंच के बाद अपनी दूसरी पारी 4 विकेट पर 287 रन बनाकर घोषित कर दी। दूसरी पारी में शुभमन गिल और पंत ने शानदार शतक लगाया। पंत ने 109 रन बनाए, जबकि गिल 119 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की कुल बढ़त 514 रन की हो गई है और बांग्लादेश को यह मैच जीतने के लिए 515 रनों की आवश्यकता है। भारतीय टीम ने आज सुबह अपने कल के स्कोर 3 विकेट पर 81 रन से आगे खेलना शुरु किया। कल के अविजित बल्लेबाज शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने संभलकर खेलना शुरु किया। दोनों बल्लेबाजों ने इस दौरान अपने अर्धशतक भी पूरे किये। खासकर पंत ने अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद तेज अंदाज में बल्लेबाजी करनी शुरु कर दी और अपना शतक पूरा किया। हालांकि अपना शतक पूरा करने के कुछ देर बाद ही मेहदी हसन मिराज ने अपनी ही गेंद पर कैच पकड़कर पंत को पवेलियन भेजा। पंत ने 128 गेंदों पर 13 चौके और 4 छक्के की बदौलत अपना शतक पूरा किया। पंत के आउट होने के बाद गिल ने भी अपना शतक पूरा किया। गिल के साथ केएल राहुल ने भी अच्छी बल्लेबाजी की और टीम का स्कोर 287 रनों तक ले गए। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा ने पारी घोषित कर दी। गिल 176 गेंदों पर 10 चौकों और 4 छक्कों की बदौलत 119 रन बनाकर नाबाद लौटे, वहीं, केएल राहुल 19 गेंदों पर 4 चौकों की बदौलत 22 रन बनाकर अविजित आए। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 376 रन बनाए थे। इसके बाद बांग्लादेश की पहली पारी 149 रन पर सिमट गई थी। भारतीय टीम को 227 रन की बढ़त मिली थी। अब दूसरी पारी में भारत ने 4 विकेट पर 287 रन बनाकर पारी घोषित की और बांग्लादेश के सामने 515 रनों का लक्ष्य रखा। इससे पहले बांग्लादेश की पहली पारी 149 पर ही सिमट गई। बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल 40 रनों के स्कोर पर शादमान इस्लाम 02 रन, जाकिर हसन 03 रन, कप्तान नजमुल हसन शांतो 20 रन, मुश्फिकुर रहीम 08 रन और मोमिनुल बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद शाकिब अल हसन और लिटन दास ने छठे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 91 रनों तक पहुंचाया। रवींद्र जडेजा ने इसके बाद पहले लिटन दास और फिर शाकिब को पवेलियन भेज बांग्लादेश को गहरे संकट में डाल दिया। लिटन ने 22 और शाकिब ने 32 रन बनाए। इन दोनों के बाद बांग्लादेश की पारी जल्दी ही 149 रनों पर सिमट गई। मेहदी हसन मिराज 27 रन बनाकर नाबाद रहे। तस्कीन अहमद और नाहिद राना ने 11-11 रनों का योगदान दिया। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 376 रन बनाए थे। स्टार ऑलराउंडर रविंचद्रन अश्विन ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 133 गेंदों पर 113 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 2 छक्के और 11 चौके लगाए। वहीं रवींद जडेजा ने भी अच्छी पारी खेली और बेहतरीन 86 रन बनाए। जडेजा ने अपनी पारी में 2 छक्के और 10 चौके लगाए। इनके अलावा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने अर्धशतक लगाते हुए 56 रन बनाए। ऋषभ पंत ने 39 रन, केएल राहुल 16 रन, रोहित शर्मा 6, विराट कोहली 6, जसप्रीत बुमराह 7, आकाश दीप ने 17 रन का योगदान दिया।

# आईएसएल में पहली बार भिड़ेंगे मोहम्मडन एससी और एफसी गोवा

एजेंसी, कोलकाता



एफसी गोवा और मोहम्मडन एससी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में पहली बार आज शाम कोलकाता स्थित किशोर भारती क्रीड़ांगन में भिड़ेंगे। एफसी गोवा ने कोलकाता की टीमों के खिलाफ अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार जीते है, लेकिन गौर्स को इस साल की शुरुआत में मोहन बागान सुपर जायंट के खिलाफ एकमात्र हार मिली थी। गौर्स ने कोलकाता में अवे मैचों में भी अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्होंने ईस्ट बंगाल एफसी और मोहन बागान सुपर जायंट के खिलाफ अपने पिछले दो मैच जीते हैं। वहीं, आईएसएल में पदार्पण करने वाली मोहम्मडन एससी ने अपने पहले मैच में जुझारूपन दिखाया था लेकिन अलादीन अजराई के 94वें मिनट के गोल के कारण नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से हार गई। उसी तरह, जॉर्डन मरे के इंजरी टाइम में गोल के कारण एफसी गोवा को जमशेदपुर एफसी से हार मिली। मोहम्मडन एससी के रूसी हेड कोच एंड्री चेर्निशोव के अनुसार उनके रक्षात्मक और आक्रामक दोनों खिलाड़ियों को आईएसएल में विरोधियों का मुकाबला करने के लिए कुछ अतिरिक्त समय की आवश्यकता होगी। चेर्निशोव ने कहा, "हमें रक्षात्मक और आक्रामक दोनों पहलुओं में सुधार करने की आवश्यकता है। हम परिस्थितियों के हिसाब से ढलने की कोशिश करते हैं और अगले मैच में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। विदेशी खिलाड़ियों के लिए यहां तालमेल बिठाना आसान नहीं है। हर खिलाड़ी अपने तरीके से परिस्थितियों में ढलता है, कोई जल्दी, तो कोई देरी से खुद को ढालता है।" एफसी गोवा के स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्कुएज ने चोट संबंधी अपडेट दिए, क्योंकि गौर्स को आगामी कुछ मैचों में कई स्टार खिलाड़ियों की कमी खलेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि पहले मैच में मिली हार से उबरने के लिए टीम कड़ी मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा, "खिलाड़ियों में पहले मैच में मिली हार का बदला लेने की भूख दिख रही है। लेकिन आप जीत की गारंटी नहीं दे सकते।

# शतरंज ओलंपियाड, राउंड 9 : भारतीय पुरुष टीम ने उज्बेकिस्तान से 2-2 से ड्रा खेला

एजेंसी, नई दिल्ली



शतरंज ओलंपियाड 2024 में भारतीय पुरुष टीम का जीत का सिलसिला शुक्रवार को हंगरी के बुडापेस्ट में एसवाईएमए स्पोर्ट्स एंड कॉन्फ्रेंस सेंटर में ओपन सेक्शन के नौवें दौर में गत चैंपियन उज्बेकिस्तान से 2-2 से ड्रा होने के बाद समाप्त हो गया। डी. गुकेश, आर. प्रज्ञानानंद, अर्जुन एरिगैसी और विदित गुजराती ने अपने-अपने मैच ड्रॉ कराए, जिससे भारत अंक तालिका में शीर्ष पर बना रहा। जहां विश्व में पांचवें नंबर के गुकेश ने कड़ा मुकाबला खेला और विश्व में छठे नंबर के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को तीन बार ड्रॉ खेलने पर मजबूर किया, वहीं विदित और जाखोंगिर वाखिदोव ने पहले 10 मिनट में ही मैच ड्रॉ करा लिया। जावोखिर सिंदारोव ने अपनी गहरी शुरूआती तैयारी से प्रज्ञानानंद पर जबरदस्त दबाव बनाया, लेकिन अंत में प्रग्गनानंधा ने नियंत्रण हासिल कर खेल को ड्रा करा दिया। हालांकि, शमसिद्दीन वोखिदोव के खिलाफ बेहतर स्थिति में नहीं पहुंच पाने से अर्जुन निराश होंगे। भारतीय महिला टीम ने यूएसए के खिलाफ अपना राउंड 2-2 से ड्रॉ किया। भारत ने खराब फॉर्म में चल रही हरिका द्रोणवल्ली को शीर्ष बोर्ड से हटाकर आर. वैशाली के साथ खेला, लेकिन इससे बोर्ड नंबर 1 पर भारत की किस्मत नहीं बदली, क्योंकि गुलरुखबेगिम तोखिरजोनोवा ने वैशाली को ओवरप्रेसिंग के लिए दंडित किया। तानिया सचदेव ने एलिस ली के खिलाफ अनुकूल स्थिति से ड्रॉ खेला, जबकि दिव्या देशमुख ने शानदार खेल दिखाते हुए कैरिसा यिप के साथ जीत साझा की। एक बार फिर वंतिका अग्रवाल ने महिला टीम को बचाया, क्योंकि उन्होंने इरिना क्रश के खिलाफ रागोजिन डिफेंस ऑफ क्वीन गैम्बिट डिक्लाइन्ड गेम को बेहतरीन तरीके से बदला। इस ड्रॉ का मतलब यह भी था कि भारत 15 मैच पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गया, जबकि कजाकिस्तान 16 मैच पॉइंट के साथ शीर्ष पर पहुंच गया।

# हरमनप्रीत ने कहा- दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों में शामिल होना सम्मान की बात



एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए नामांकित किए जाने पर कहा कि दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों में शामिल होना मेरा लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि ये सब मेरी टीम की बदौलत संभव हो पाया है। उनके समर्थन के बिना ये संभव नहीं हो पाता। 28 वर्षीय डिफेंडर ने इससे पहले 2020-21 और 2021-22 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। हॉकी इंडिया द्वारा शनिवार को एक बयान में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए फिर से नामांकित होना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। मैं विश्व के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल होने पर बहुत खुश हूं, लेकिन मैं यह भी कहना चाहूंगा कि मेरी टीम के समर्थन के बिना यह संभव नहीं हो पाता। एफआईएच हॉकी प्रो लीग और पेरिस ओलंपिक 2024 में मैंने जो गोल किए हैं, वह इसलिए कर पाया, क्योंकि टीम ने मेरे लिए गोल करने के मौके बनाए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य पुराने गौरवशाली दिनों को वापस लाना है। हम इस सपने को साकार करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे लेकिन हम इसे अपने दम पर पूरा नहीं कर सकते, हमें अपने प्रशंसकों से समर्थन की आवश्यकता है।

## व्यापार

# यूएस फेड के फैसले से बाजार में उछाल, ऑल टाइम हाई पर पहुंचे सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू शेयर बाजार में पिछले सप्ताह भी लगातार बढ़त का रुख बना रहा। सोमवार से शुक्रवार के बीच के कारोबार में मंगलवार को छोड़ कर हर दिन मजबूती का नया रिकॉर्ड बनता रहा। मंगलवार को भी सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाया। इसी सप्ताह के दौरान सेंसेक्स पहली बार 84 हजार अंक के स्तर को पार कर गया। इसी तरह निफ्टी भी पहली बार 25,800 अंक के ऊपर पहुंच गया।

बुधवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती करने का फैसला आने के बाद मार्केट सेंटीमेंट्स को और मजबूती मिली, जिसकी वजह से दुनिया भर के ज्यादातर बाजारों की तरह ही भारतीय शेयर बाजार में भी जमकर खरीदारी होती नजर आई। 16 सितंबर से लेकर 20 सितंबर के बीच के कारोबार के बाद बीएससी का सेंसेक्स 1,653.37 अंक यानी 1.99 प्रतिशत मजबूत होकर 84,544.31 अंक की ऐतिहासिक ऊंचाई पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 434.50 अंक यानी 1.71 प्रतिशत की छलांग लगा कर 25,790.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इस सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 20 सितंबर को ही सेंसेक्स अभी तक के सर्वोच्च स्तर 84,694.46 अंक तक और निफ्टी 25,849.25 अंक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने में सफल रहे। इस सप्ताह बीएसई का लार्जकैप इंडेक्स 10 हजार अंक के स्तर को पार करके पहली बार 10,082.92 अंक के नए शिखर पर पहुंच गया। पूरे सप्ताह के कारोबार के दौरान महिंद्रा एंड महिंद्रा, अडाणी ग्रीन एनर्जी, बजाज होल्डिंग एंड इन्वेस्टमेंट, नेस्ले इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एनटीपीसी, जोमैटो और लार्सन एंड टूब्रो के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, इंडस टावर्स, जाइडस लाइफ साइंसेज, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), अडाणी विल्मर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और यूपीएल के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए। इसी तरह बीएसई का मिडकैप इंडेक्स भी इस सप्ताह 49,506.01 अंक के रिकॉर्ड स्तर को छूने में सफल रहा। इस इंडेक्स में मैक्स हेल्थ केयर इंस्टीट्यूट, टॉरेंट पावर, पीबी फिनटेक, यूएनओ मिंडा, संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल, सुप्रीम इंडस्टरीज, श्रीराम फाइनेंस, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और ट्यूब इन्वेस्टमेंट ऑफ इंडिया के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर वोडाफोन आइडिया, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस, लॉरेंस लैब्स, ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज, कंटेनर कारपोरेशन ऑफ इंडिया, ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स, ग्लैक्सो स्मिथ क्लाइन फार्मास्यूटिकल्स, आईडीबीआई बैंक और पीरामल एंटरप्राइजेज के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए। सोमवार से शुक्रवार के बीच के कारोबारी सप्ताह के दौरान ही बीएसई के स्मॉलकैप इंडेक्स ने भी 57,502.74 अंक के ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंचने में सफलता पाई। इस इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से नियोजन केमिकल्स, कॉनकॉर्ड बायोटेक, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर, वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज, हिम्मत सिंगका सीड्स, रिलायंस पावर, आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया, स्टर्लिंग टूल्स, वक्रांगी, महाराष्ट्र स्कूटर्स और मैराथन नेक्स्ट जेन रियल्टी के शेयर सबसे अधिक मुनाफा कमाने वाले शेयरों में शामिल हुए। दूसरी ओर, अंबस होल्डिंग्स, नेल्को, एमके प्रोटीन्स, स्पोर्ट किंग इंडिया, साधना नाइट्रोकेम, केडीडीएल, रेनेसां ग्लोबल, राणे होल्डिंग्स, पीटीसी इंडिया, सिंकॉम फॉर्मूलेशन और ट्रूकैप फाइनेंस सबसे अधिक नुकसान उठाने वाले शेयरों में शामिल हुए। पिछले सप्ताह के कारोबार में अगर सेक्टोरल परफॉर्मेंस की बात करें तो रियल्टी इंडेक्स 4.5 प्रतिशत की तेजी के साथ सबसे अधिक मजबूती वाला सेक्टर साबित हुआ। इसके बाद निफ्टी का बैंक इंडेक्स 3.5 प्रतिशत, ऑटोमोबाइल इंडेक्स 2 प्रतिशत और एफएमसीजी इंडेक्स 1 प्रतिशत की तेजी हासिल करने में सफल रहे।

# तीन दिन की गिरावट के बाद सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी में भी तेजी

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोना आज एक बार फिर 75 हजार के स्तर को पार कर गया है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 75,270 रुपये से लेकर 75,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है।

इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 69,010 रुपये से लेकर 68,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में आज तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 92,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 75,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 69,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 75,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 75,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 75,120 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 68,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 75,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 75,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 69,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 75,170 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 68,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 75,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 75,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 68,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# गोयल ने म्यांमार के निवेश और कोरिया गणराज्य के व्यापार मंत्री से की बातचीत

एजेंसी, लाओस/नई दिल्ली



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को म्यांमार के निवेश और विदेशी आर्थिक मामलों के मंत्री डॉ. कान जॉ के साथ एक अहम बैठक की। इसके अलावा उन्होंने कोरिया गणराज्य के व्यापार, उद्योग और ऊर्जा मंत्री इंक्यो चियोंग के साथ भी सार्थक बातचीत की। वाणिज्य मंत्री गोयल ने कहा कि 12वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के आर्थिक मंत्रियों की बैठक के अवसर पर म्यांमार के निवेश और विदेशी आर्थिक मामलों के मंत्री डॉ. कान जॉ के साथ मुलाकात हुई है। इस दौरान उन्होंने कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल लाओस के वियनतियाने के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। गोयल ने कहा कि डॉ. कान जॉ के साथ दाल, डीजल, गैसोलीन, इलेक्ट्रिक वाहन आदि जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग और रुपया-क्यात मुद्रा तंत्र के माध्यम से द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही उन्होंने आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा और आगामी संयुक्त व्यापार समिति की बैठक से संबंधित मामलों पर चर्चा की। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि उनकी कोरिया गणराज्य के व्यापार, उद्योग और ऊर्जा मंत्री इंक्यो चियोंग के साथ सार्थक बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि इस बातचीत के दौरान अधिक संतुलित व्यापार प्राप्त करने, भारत-कोरिया व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) को उन्नत करने, रोजगार सृजन से जुड़े निवेश को बढ़ावा देने और हमारे आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करने पर विचार-विमर्श किया गया।

# केंद्र ने 'विवाद से विश्वास 2.0' योजना की तारीख एक अक्टूबर अधिसूचित की

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार 1 अक्टूबर से प्रत्यक्ष कर विवाद समाधान योजना 'विवाद से विश्वास 2.0' की शुरुआत करेगी। इसकी घोषणा जुलाई में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2024-25 में लंबित कुछ आयकर विवादों के समाधान के लिए की गई थी। वित्त मंत्रालय ने जारी अधिसूचना में कहा, ''केंद्र सरकार प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास योजना 2024 को लागू करने की तारीख 1 अक्टूबर, 2024 तय करती है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा था कि सरकार करों को सरल बनाने, करदाता सेवाओं में सुधार करने, कर निश्चितता प्रदान करने और राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ मुकदमेबाजी को कम करने के अपने प्रयास को जारी रखेगी।

उल्लेखनीय है कि करीब 35 लाख करोड़ रुपये की 2.7 करोड़ प्रत्यक्ष कर मांगों पर विभिन्न कानूनी मंचों पर विवाद जारी है। केंद्र सरकार प्रत्यक्ष करों के तहत लंबित मामलों के लिए 'विवाद से विश्वास' योजना का पहला चरण 2020 में लेकर आई थी। इस योजना से करीब एक लाख करदाताओं ने लाभ उठाया और सरकार को करीब 75 हजार करोड़ रुपये का टैक्स हासिल हुआ था।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर रिकॉर्ड 689.45 अरब डॉलर

एजेंसी, नई दिल्ली



अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 सितंबर को समाप्त हफ्ते में 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.45 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 13 सितंबर को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.45 अरब डॉलर हो गया है। इससे पिछले हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.248 अरब डॉलर बढ़कर 689.235 अरब डॉलर हो गया था। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीआर) 51.5 करोड़ डॉलर घटकर 603.63 अरब डॉलर रह गईं। वहीं, स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 89.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 62.89 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आरबीआई के मुताबिक विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.42 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक हालांकि, इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 10.8 करोड़ डॉलर घटकर 4.52 अरब डॉलर रह गया।

# प्रखंड सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की हुई बैठक

चा0 भूमि बगहा



प्रखंड बगहा एक के सभागार भवन में पंचायत समिति सदस्यों की एक बैठक आहुति की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने की एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बगहा विधायक राम सिंह मौजूद रहे। बैठक में पंचायत समिति सदस्यों ने क्षेत्र के विकास एवं अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाया और अन्य समस्याओं को भी रखा।

पंचायत समिति सदस्यों का आरोप था कि अंचल कर्मी व सीओ के द्वारा दाखिल-खारिज परिमार्जन सहित अन्य मामलों में किसानों से अवैध उगाही की जाती है। बिना उगाही के कोई भी कार्य अंचल में नहीं किया जाता है। इस पर विधायक राम सिंह ने अंचल कर्मियों को फटकार लगाते हुए व्यवस्था में सुधार का निर्देश दिया। वहीं कुछ सदस्यों ने क्षेत्र के स्वास्थ्य सुविधाओं के बाबत सवाल उठाया गया। समिति की बैठक में ग्रामीणों क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को बताते ही इस पर विधायक ने पीएचसी बगहा एक के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सूर्य नारायण महतो को फटकार लगाते हुए व्यवस्था में सुधार का निर्देश दिया साथ ही साथ सदस्यों ने आंगनबाड़ी केंद्र के नये भवन में शिफ्ट करने का भी मुद्दा उठाया। इस पर बीडीओ ने सीडीपीओ को आंगनबाड़ी केंद्रों को नवनिर्मित भवन में शिफ्ट करने का निर्देश दिया।

लगुनाहा चौतरवा के मुखिया शैल देवी के द्वारा पंचायत में पॉलिटेक्निक कॉलेज के निर्माण, प्राथमिक विद्यालय, लगुनहा को उत्क्रमित करने, पंचायत में पशु चिकित्सालय भवन के निर्माण तिरहुत मुख्य नहर के समीप शव दाह गृह का निर्माण सहित एक दर्जन मांगों को पंचायत समिति की बैठक में रखा गया। इस पर समिति सदस्यों ने शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। इस पर बीडीओ ने विगत बैठक में पंचायत समिति के द्वारा लायी गयी 250 योजनाओं की चर्चा की गयी एवं वरीयता के आधार पर सभी का प्रस्ताव तैयार कर पंचायत में विकास कार्य करने की बात कही।

इसके अलावा इस अवसर पर मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों की ओर से चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गयी एवं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया साथ ही बैठक में अनुपस्थित करीब आधा दर्जन विभागों के पदाधिकारी से बिना सूचना की बैठक से गायब रहने के मामले में जवाब तलब करने का भी बात बीडीओ ने कही।

इस अवसर पर बीडीओ प्रदीप कुमार के अलावा मनरेगा पदाधिकारी राजेश कुमार,पंचायती राज प्राधिकारी अनिल कुमार, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रतिमा श्रीवास्तव, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी साक्षी मिश्रा, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका अमृता राज प्रमुख प्रतिनिधि पारस बैठा, उप प्रमुख सर्वजीत पटेल सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, मुखिया आदि मौजूद थे।

# 65 वाहिनीं सशस्त्र.सीमा.बल बगहा ने चलाया स्वछता अभियान



चा0 भूमि बगहा

» एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्राओं एवं शिक्षको द्वारा विद्यालय परिसर में किया गया वृक्षारोपण

65 वाहिनीं SSB बगहा द्वारा नंदन सिंह मेहरा कमांडेंट 65 वाहिनीं के मार्गदर्शन में "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़ा और स्वच्छता श्रमदान अभियान के अंतर्गत 10+2 सहकारी प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय पटखौली बगहा-2 में स्कूली छात्राओं एवं शिक्षको के साथ सयुक्त स्वच्छता अभियान चलाया गया I

इसी क्रम में "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम के तहत छात्राओं, शिक्षको एवं एसएसबी बलकर्मियों द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया, साथ ही प्रत्येक छात्राओं को "एक पेड़ मां के नाम" पर लगाने हेतु एक-एक पौधा वितरण किया गया I इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य नागेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा की स्वच्छता एक दिन स्वच्छ रखने का कार्य नहीं है बल्कि जीवन पर्यंत तक साफ-सफाई पर ध्यान रखने की आवश्यकता है।

जिस तरह घर, सब्जी, कपड़ा, जूता, वाहन को साफ-सुथरा रख कर उपयोग करते है I उसी तरह अपने आस-पास के परिसर को स्वच्छ रखें एवं वातावरण को भी स्वच्छ रखने के लिए अधिक-से अधिक वृक्षारोपण करें जिससे हमें स्वच्छ ऑक्सीजन मिल सकें |

इस कार्यक्रम में नागेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रधानाचार्य, अन्य शिक्षक, उपनिरीक्षक (सामान्य) आलोकवि ए. लोहे, वाहिनी के बलकर्मी और छात्राएं उपस्थित थे I

# बुधवार को विसर्जन के दौरान डूबे युवक का शव हुआ बरामद

चा0 भूमि बेतिया

» विश्वकर्मा पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन के दौरान डूबे युवक का शव शुक्रवार को साठी के पास मिला

बुधवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान एक युवक सिकरहना नदी में डूब गया था और उसकी तलाश लगातार ग्रामीणों और गोताखोरों द्वारा की जा रही थी परंतु शव नहीं मिलने से परिजन भी थक हार कर निराश हो गये थे।

शुक्रवार को सुबह में साठी के वृंदावन गांव के समीप ग्रामीणों ने नदी के तट पर ग्रामीणों ने एक लाश को तैरता हुआ देखा जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना थाना को दी। मौके पर पुलिस ने पहुँच कर शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए बेतिया गवर्मेंट अस्पताल भेज दिया था । और पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया है।

सूचना पर पहुँचे परिजन और ग्रामीणों ने शव को देखकर पुष्टि की थी। मृतक की पहचान धोबनी पंचायत के ब्यासपुर गांव के रामनाथ पासवान का पुत्र राजेश पासवान के रूप मे हुई है। मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक को दो साल का एक पुत्र है और उसकी पत्नी गर्भवती है।









# बगहा व्यवहार न्यायालय में खुला स्वास्थ्य सुविधा केंद्र



चा0 भूमि बगहा

» इमरजेंसी मेडिकल फर्स्ट एंड को लेकर स्वास्थ्य विभाग और न्याय सेवा आयोग की पहल

व्यवहार न्यायालय वगहा क़ो स्वास्थ्य सुविधा केंद्र की बड़ी सौगात मिली है इतना हीं नहीं कोर्ट रोड में मुख्य द्वार से न्यायालय भवन तक शेड निर्माण कार्य का भी जिला जज ने डिप्टी चेयरमैन के साथ शिलान्यास किया। स्वास्थ्य उप केंद्र का ज़िला जज प्रजेश कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन किया इस मौके पर उन्होंने कहा की न्यायालय परिसर में इमरजेंसी मेडिकल फर्स्ट एड क़ो लेकर स्वास्थ्य विभाग औऱ न्यायिक सेवा आयोग की पहल पर वकीलों के साथ साथ पक्षकारों क़ो कोर्ट परिसर में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिहाज से अस्पताल खोला गया है। ताकि आपातकाल में तत्काल दवा इलाज़ में कोई दिक़्क़तें न हो।

बता दें की सिधाव बगहा 2 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीन इस कोर्ट हॉस्पिटल का संचालन किया जायेगा जिसकी निगरानी ख़ुद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.राजेश सिंह नीरज करेंगें। इस गरिमामयी क्षण में डीजे के साथ ADJ 1, बगहा एसपी औऱ न्यायिक पदाधिकारी व नप डिप्टी चेयरमैन के अलावा बाऱ एसोसिएशन के अधिकारी औऱ कर्मचारी मौजूद रहें।

# सुहानी खातून हत्याकांड का हुआ सफल उदभेदन

चा0 भूमि के लिये मेराज आलम की रिपोर्ट



पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 12 9 2024 को रूबी खातून उम्र 45 वर्ष पति इजहार मियां ग्राम पिपरा दिउलिया वार्ड नंबर 25 थाना शिकारपुर जिला पश्चिमी चंपारण बेतिया के द्वारा आवेदन दिया गया कि उनकी बच्ची सुहानी खातून दिनांक से लापता है। दिनांक 13 9 2024 को दिउलिया वार्ड नंबर -25 स्थित शेख अरमान पिता स्वर्गीय शेख नथुनी वार्ड नंबर 25 के पानी भरे खेत जिसमें जलकुंभी में सुहानी खातून का शव पाए जाने के उपरांत घटनास्थल का निरीक्षण एफ0एस0एल0 टीम के द्वारा किया तथा शव को पोस्टमार्टम की कार्रवाई करते हुए उनके परिजनों को सुपूर्द किया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में थाना अध्यक्ष शिकारपुर एवं पुलिस पदाधिकारी को कांड का उद्भेदन हेतु टीम का गठन किया गया। कांड में तकनीकी साक्ष्य, आसूचना संकल्प की करवाई तथा अनुसंधान में ग्राम दिउलिया स्थित विक्की पासवान की पुत्री एवं असरफ के बीच प्रेम प्रसंग था।

मृतिका सुहानी खातून ने उन दोनों को प्रेम प्रसंग करते हुए विक्की पासवान के घर में देख लिया। इसके बाद विक्की पासवान की पुत्री एवं अशरफ के द्वारा मिलकर सुहानी खातून की हत्या कर दी। तथा शव को घर में ही छुपा दिया तथा शाम होने पर शव को कही अन्य स्थान पर ले जाने का योजना बनाया। परंतु शाम में विक्की पासवान की पत्नी किरण देवी जो बाहर गई थी घर आई तो उसकी बेटी द्वारा घटना की जानकारी अपनी मां को दिया। किरण देवी के द्वारा अपने पति विक्की पासवान को सारी घटना बताएं तथा रात्रि करीब 11:00 विक्की पासवान तथा उसकी पत्नी किरण कुमारी एवं बेटी के साथ मिलकर सुहानी खातून के शव को शेख अरमान पिता स्वर्गीय शेख नथुनी वार्ड नंबर 25 के पानी भरे खेत जलकुंभी में छुपा दिया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने किया लौरिया थाने का औचक निरीक्षण

» निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

चा0 भूमि बेतिया

पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन ने शनिवार को लौरिया थाने का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नरकटियागंज जयप्रकाश सिंह तथा थानाअध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा एवं अन्य सभी पुलिस अधिकारी थाने में मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा लौरिया थाने की विधि व्यवस्था यातायात व्यवस्था समेत सभी व्यवस्था का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन ने अपराध नियंत्रण, रात्रि गश्ती, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान एवं जनता के बीच भय मुक्त वातावरण बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित पुलिस पदाधिकारी को दिया गया।









# स्वच्छता कर्मियों की हुई स्वास्थ्य जांच

चा0 भूमि मैनाटाड़



स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग मैनाटाड़ के द्वारा प्रखंड कार्यालय स्थित प्रशिक्षण भवन में शुक्रवार को स्वच्छता कर्मियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ दीपक राम, डॉ राजेन्द्र प्रसाद सिंह, डॉ अजीत कुमार, डॉ ममता कुमारी आदि मौजूद रहें। बीडीओ के देखरेख में लगे स्वास्थ्य शिविर में स्वच्छता कर्मियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श जांच, उपचार सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाएं दी गयी। स्वच्छता कर्मियों का उच्च रक्तचाप, मधुमेह, ओरल हेल्थ स्क्रीनिंग, मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण एवं संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की सुविधा मुहैया करायी गयी। मौके पर मौजूद डॉ राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वच्छता एवं इनफेक्शन कंट्रोल के लिए विभिन्न गतिविधियां की गयी। स्वच्छता कर्मी स्वस्थ रहेंगे तो ही वे अपनी ड्यूटी बखूबी करेंगे। स्वच्छता कर्मियों का स्वस्थ रहना आमजन के लिए बहुत ही जरूरी है। कैंप को लेकर स्वच्छता कर्मियों की भीड़भाड़ बनी रही।

# बैंक के जुनियर ब्रांच मैनेजर को मारी गोली

चा0 भूमि गौनाहा



गौनाहा थाना क्षेत्र स्थित ग्रामीण बैंक बेलसंडी के जुनियर ब्रांच मैनेजर पंकज कुमार को दो अज्ञात अपराधियों ने बांये हाथ मे गोली मार कर घायल कर दिया है। डॉ शशि कुमार ने बताया कि ब्रांच मैनेजर का इलाज रेफरल हॉस्पिटल गौनाहा मे किया गया है। स्थित को गंभीर देखते हुए उन्हे बेतिया रेफर कर दिया गया है। साथ ही साथ दोनों आपराधी जुनियर ब्रांच मैनेजर का मोटरसाइकिल, बैग व बैंक का चाभी व दो हजार रुपए नगद लेकर घटनास्थल से फरार हो गये है।

घटना गौनाहा थाना क्षेत्र के हरदी बेलहवा व लक्ष्नौता गांव के बीच सड़क पर का है। गौनाहा थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि हरदी बेलहवा व लक्ष्नौता गांव के बीच बेलसंडी ग्रामीण बैंक के जुनियर मैनेजर के बायें हाथ मे गोली मार कर घायल करने की सुचना मिली है। सुचना पर पुलिस को घटनास्थल पर भेज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है। जल्द ही अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना कि सुचना मिलते ही डीएसपी जयप्रकाश सिंह हॉस्पिटल पहुंच कर घटना की जानकारी लिये है।






# मझौलिया में साइबर ठग गिरफ्तार कई एटीएम बरामद

चा0 भूमि मझौलिया

पुलिस ने शनिवार की शाम जवकटिया बड़ा मलाही टोला निवासी चंदेव सहनी के पुत्र राजकुमार सहनी को गिरफ्तार किया। साइबर अपराध के मामले मे पुलिस को इसकी तलाश थी। इसके पास से चोरी की एक बाइक, छह एटीएम कार्ड, दो मोबाइल, आधार पैन समेत दर्जनों पासबुक बरामद हुआ है। एसएचओ अखिलेश मिश्र ने यह जानकारी देते हुये बताया कि यह एक साइबर अपराधी है पुलिस को कई मामलों में इसकी तलाश थी।गुप्त सूचना के आधार पर इसकी गिरफ्तारी हुई है। इसने कई राज्यो में साइबर कांड को अंजाम दिया है।खासकर एटीएम में लाइन लगकर एटीएम बदलकर रुपये निकालने में माहिर है।गिरफ्तारी के बाद पुलिस अनुसंधान में जुटी है।

# राजविधा केंद्र के तत्वाधान में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस

चा0 भूमि मोतिहारी



» इस कार्यक्रम मेयर प्रीति कुमारी ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

मोतिहारी शहर के नगर भवन में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मोतिहारी नगर निगम की महापौर प्रीति कुमारी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता, जिला समन्वयक अशोक भगत ने दीप प्रज्ज्वलन कर संयुक्त रुप से किया। मौके पर महापौर प्रीति कुमारी ने कहा की विश्व में हर तरफ अशांति, युद्ध, नफ़रत का वातावरण है जिससे लोगों के जीवन असंतुलित हो गया है ऐसे में लोगों के जीवन में शांति के लिए समय निकलना चाहिए, आज हम सभी एकत्रित हुए है अंतराष्ट्रीय शांति दूत प्रेम रावत जी के द्वारा विश्व भर में हो रहें कार्यक्रम को सुनने के लिए।

इस कार्यक्रम में शांति का बेहतरीन संदेश सुनने को मिला है की कैसे जीवन में शांति हो सकती है। मै चाहूंगी की आगे भी इसतरह का कार्यक्रम आयोजित होता रहें। चंद्रशेखर गुप्ता ने बताया की पूरे विश्व में यह कार्यक्रम हर साल 21 सितंबर को मनाया जाता है, यह दिन विश्व भर में शांति को बढ़ावा देने के लिए बेहद खास है। मौके पर कोरोना वारियर केशव कृष्ण को, मेयर प्रीति कुमारी, अशोक भगत, घीरज कुमार, अमरनाथ अकेला, विजय यादव, पटना से आए इवेंट टीम के असलम जी, एवं उनकी पत्नी, सचिन्द्र कुमार को सम्मानित किया गया।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित । किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714